दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 312 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 07 दिसम्बर, 2025 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

## मुख्यमंत्री भजनलाल प्रोटोकॉल तोड़ जवाहर सर्किल पर मॉर्निंग वॉक पर निकले, पुराने दोस्तों से की मुलाकात







जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत होने के क्रम में योग व्यायाम और मॉर्निंग वॉक जैसी गतिविधियों को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए हुए हैं । जब मुख्यमंत्री नहीं बने थे और राजस्थान भाजपा के महामंत्री थे उस समय भी नियमित रूप से मॉर्निंग वॉक किया करते थे जवाहर सर्किल सेंट्रल पार्क इत्यादि जगहों पर उनका आना-जाना रहता था जिसकी वजह से मॉर्निंग वॉक के दौरान कई लोग उनके अच्छे दोस्त भी बन गए थे। मुख्यमंत्री बनने के बाद भी भजनलाल शर्मा जब भी समय मिलता है मॉर्निंग वॉक के लिए निकल पड़ते हैं इसी क्रम में शनिवार को प्रोटोकॉल तोड़ते हुए उन्होंने सीमित सुरक्षा प्रबंध के बीच जवाहर सर्किलपहुंचे जहां कई पुराने दोस्तों से उनकी मुलाकात भी हुई उन्होंने दोस्तों के साथ बातचीत की और जूस भी पिया । शनिवार को मॉर्निंग वॉक के इस प्रोग्राम के बारे में उन्होंने निर्धारित रूट के बारे में किसी को बताया नहीं और कुछ सुरक्षा कर्मियों को साथ लेकर जवाहर सर्किल पर मॉर्निंग वॉक के लिए आ गए जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को इस मामले को थोड़ा गंभीरता से लेना ही होगा क्योंकि पूर्व में भले ही मुख्यमंत्री आवास में बम होने की गलत सूचना दी गई हो लेकिन फिर भी सुरक्षा के लिहाज से मुख्यमंत्री को इस तरह से चंद सुरक्षा प्रहरियों के साथ निकलना खतरे से खाली नहीं है । हालांकि मुख्यमंत्री शर्मा बेहद सरल और सौम्य स्वभाव के हैं और लोगों से काफी आत्मीय भाव रखते हैं मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनके स्वभाव और व्यवहार में किसी भी तरह का कोई बदलाव नहीं आया है । मुख्यमंत्री शर्मा आम इंसान की तरह लोगों से मिलते हैं और उन्हें यह बताने का प्रयास करते हैं कि वे भी उन्हीं की तरह हैं उनके सेवक हैं लेकिन फिर भी यह मुख्यमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था से जुड़ा मामला है इसलिए थोड़ी सी लापरवाही और थोड़ी सी चूक कई बार भारी पड़ जाती है। जानकार लोगों का कहना है कि मुख्यमंत्री शर्मा सुबह से लेकर देर रात तक सरकारी कार्यक्रमों पार्टी की मीटिंगों और जनकल्याणकारी कार्यक्रमों में व्यस्त रहते हैं इसके अलावा जयपुर से बाहर भी उनके टूर होते हैं इसलिए अपनी इस थकान को दूर करने के लिए और खुद को तरोताजा और स्वस्थ रखने के लिए वह अपनी व्यस्त दिनचर्या के बीच भी योग व्यायाम और मॉर्निंग वॉक के लिए समय निकाल लेते हैं ।

## भजनलाल सरकार के नवाचार और अथक प्रयास : खनन क्षेत्र में हब बनेगा राजस्थान

### प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में पहले ही दिन खनन क्षेत्र को लेकर होगा विशेष सत्र

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश की भजनलाल सरकार राजस्थान को खनन क्षेत्र में हब बनाने की तैयारी में जोर-जोर से जुट गई है इसी क्रम में प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम में भी पहले ही दिन खनन क्षेत्र पर विशेष सत्र आहूत किया जाएगा इस सत्र को खनन क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञ खनन क्षेत्र में कार्य कर रहे बड़े-बड़े उद्योगपति खनन क्षेत्र में रिसर्च और अनुसंधान करने वाले विशेषज्ञ इत्यादि सभी संबोधित करेंगे इस सत्र को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी संबोधित करेंगे भजन लाल शर्मा सत्र में यह बताएंगे कि राजस्थान में खनन के विशाल भंडार हैं । यहां राजस्थान के अलग-अलग जिलों में अलग-अलग किस्म के भांति भांति के खनन है जिनका दोहन करके अच्छा मुनाफा कमाया जा सकता है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यह बात पहले भी कई बार कह चुके हैं कि राजस्थान में पर्यटन ही नहीं बल्कि खनन में अपार विकास की संभावनाएं हैं। राजस्थान में 85 तरह के अलग-अलग किस्म के खनन है इसलिए इस बार प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में प्रवासी राजस्थानियों को खनन क्षेत्र में इन्वेस्ट करने के लिए सरकार विशेष रूप से अपनी ओर से प्रयास कर रही है सरकार खनन क्षेत्र में सरकार की ओर से तैयार की गई नीतियों कार्यक्रमों और व्यवस्थाओं के बारे में भी विस्तार से बताया जाएगा ताकि खनन क्षेत्र में निवेशक ज्यादा से ज्यादा अपनी भागीदारी निभा सकें इसीलिए पहले ही दिन खनन क्षेत्र को लेकर विशेष सत्र आयोजित किया जा रहा है जानकारी के अनुसार प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम में राजस्थान को देश में खनन हब बनाने में प्रवासी राजस्थानियों की प्रमुख भूमिका भी निर्धारित की जाएगी इसके साथ ही क्रिटिकल और स्ट्रैटेजिक मिनरल्स के एक्सप्लोरेशन खनन और प्रसंस्करण में खनिज क्षेत्र के जाने-माने विशेषज्ञों उद्योगपतियों और सरकार के बीच सकारात्मक सहभागिता होगी । 10 दिसंबर को प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम में खनन क्षेत्र को लेकर जो विशेष सत्र आयोजित किया गया है इस सत्र में प्रवासी राजस्थानियों के अलावा राज्य के विशेषज्ञों के साथ ही देश के नामी विशेषज्ञों की सहभागिता भी निर्धारित की गई है ताकि प्रवासी राजस्थानियों की राजस्थान के खनन क्षेत्र में निवेश और सहभागिता में सक्रिय भागीदारी हो सके राजस्थान देश दुनिया के खनिज मानचित्र में प्रमुख स्थान रखता है ऐसे में प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान के खनन क्षेत्र में आगे आने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है । प्रवासी राजस्थान दिवस कार्यक्रम में खनन क्षेत्र क्षेत्र को लेकर आयोजित किया जा रहे सत्र में राजस्थान की खनिज संपदा और बेहतर संभावनाओं की तस्वीर रखी जाएगी ताकि अधिक से अधिक प्रवासी राजस्थानी राजस्थान की धरती से जुड़कर निवेश रोजगार और प्रदेश के आर्थिक विकास में भागीदारी बन सके और आत्मनिर्भर भारत के लिए राजस्थान की क्रिटिकल मिनरल संभावनाओं की अनलॉकिंग पर आयोजित इस सत्र को बहुआयामी बनाने के लिए प्रवासी राजस्थानियों के साथ ही हैदराबाद उड़ीसा धनबाद सहित अन्य विशेषज्ञ भारतीय भू सर्वेक्षण विभाग ऑयल इंडिया एटॉमिक मिनिरल डिवीजन के विशेषज्ञ औद्योगिक प्रतिष्ठानों के विशेषज्ञों की सक्रिय सहभागिता निश्चित की गई है ।

## डॉ भीमराव अंबेडकर समानता और न्याय का मार्गदर्शक: अश्विनी वैष्णव


जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के 70वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर केंद्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने नई दिल्ली स्थित रेल भवन में पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।एक्स पर एक पोस्ट में केंद्रीय मंत्री ने भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर को हार्दिक नमन करते हुए उन्हें समानता और न्याय का मार्गदर्शक बताया। कार्यक्रम में रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सतीश कुमार, वरिष्ठ अधिकारी रेलवे बोर्ड के सदस्य और अखिल भारतीय अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति रेलवे कर्मचारी संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम में बाबासाहेब के योगदान संविधान निर्माण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका और समानता न्याय एवं निष्पक्षता पर आधारित उनके विचारों को याद किया गया। महापरिनिर्वाण दिवस प्रतिवर्ष 6 दिसंबर को भारत रत्न डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर, जिन्हें बाबासाहेब आंबेडकर के नाम से भी जाना जाता है की पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वे भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पी थे। 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में जन्मे डॉ. बी.आर. आंबेडकर ने अपना जीवन हाशिए पर पड़े समुदायों विशेषकर दलितों महिलाओं और मजदूरों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया जिन्हें व्यवस्थागत सामाजिक भेदभाव का सामना करना पड़ा था। भारत भर में लाखों लोग इस पावन दिवस पर उनकी शिक्षाओं और एक न्यायपूर्ण एवं समावेशी समाज के निर्माण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर विचार करके उनकी विरासत को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## इंडिगो बोली- 95' रूट पर फ्लाइट शुरूः कैंसिलेशन का रिफंड कल तक मिलेगा

नई दिल्ली



इंडिगो में पिछले चार दिनों से चल रहे ऑपरेशनल संकट में शनिवार को राहत दिखी। एयरलाइन ने दावा किया कि उसके 95' रूट पर उड़ानें शुरू हो चुकी हैं। 138 में से 135 डेस्टिनेशन के लिए फ्लाइट रवाना हो गईं। पिछले दिनों जिन यात्रियों की फ्लाइट रद्द हुई उन्हें रविवार रात 8 बजे तक रिफंड मिल जाएगा। इस बीच सरकार ने सभी एयरलाइंस के लिए हवाई किराया फिक्स कर दिया है। अब 500 किमी तक हवाई सफर में 7500 रुपए किराया लगेगा। वहीं 500-1000 किमी तक 12,000, 1000-1500 किमी तक 15,000 और 1500 किमी से ऊपर अधिकतम 18,000 लगेंगे। हालांकि इसमें बिजनेस क्लास शामिल नहीं है। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक देश के 4 बड़े एयरपोर्ट दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और बेंगलुरु समेत कई शहरों से शनिवार को इंडिगो की 800 से ज्यादा फ्लाइट कैंसिल की गईं। हालांकि एयरलाइंस रोजाना 2300 से ज्यादा फ्लाइट ऑपरेट करती है। कंपनी का कहना है कि शनिवार को उन्होंने 1500 उड़ानों को उनके डेस्टिनेशन तक पहुंचाया।

## भजनलाल शर्मा का भाजपा संगठन से जुड़े बड़े नेताओं से महामंथन, मदन राठौड़ भी रहे मौजूद

### शनिवार को जयपुर जोधपुर और कोटा संभाग के भाजपा संगठन से जुड़े नेताओं से की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा पार्टी के संगठन को सर्वोपरि मानते हैं और पार्टी के छोटे से छोटे कार्यकर्ताओं की भी काफी इज्जत करते हैं यही वजह है कि पिछले कुछ दिनों से मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रदेश भर के पार्टी के संगठन से जुड़े छोटे-बड़े नेताओं से मुलाकात करके उनकी तकलीफों को सुना है संगठन को कैसे और मजबूत किया जाए तथा केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की सरकार के अच्छे कार्यों और उपलब्धियां को कैसे जनता के बीच और भी बेहतर तरीके से प्रचारित किया जाए । इन सब के बारे में वे लगातार पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से चर्चा कर रहे हैं और फिर आवश्यक निर्णय भी ले रहे हैं पिछले कुछ दिनों से अलग-अलग संभाग के भारतीय जनता पार्टी के नेताओं से उन्होंने मुलाकात की मुलाकात के बाद उन्होंने बाकायदा प्रदेश भाजपा कार्यालय में राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों की ओर से सप्ताह में तीन बार बारी बारी से मंत्रियों के जनसुनवाई कार्यक्रम कभी शुभारंभ किया है। इस तरह से भाजपा के संगठन से जुड़े नेताओं की सलाह के आधार पर उन्होंने कई बड़े फैसले और निर्णय भी लिए हैं इसी क्रम में शनिवार को उन्होंने जयपुर जोधपुर और कोटा संभाग के पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से मुलाकात की मुलाकात के दौरान राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ भी मौजूद रहे मुलाकात में पार्टी के जिला अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष मंडल अध्यक्ष लेवल के नेता भी शामिल रहेशनिवार को आयोजित हुई इस बड़ी बैठक में संगठन से जुड़े नेताओं ने अपनी बातें और सलाह मुख्यमंत्री को बताई मुख्यमंत्री ने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से कहा कि पार्टी के कार्यकर्ताओं और मजबूत संगठन की वजह से ही राजस्थान में भाजपा की सरकार बनी है इसलिए संगठन से बड़ा कोई भी नहीं होता उन्होंने पार्टी के संगठन से जुड़े सभी नेताओं को भरोसा दिलाया कि सरकार में उनका पूरा सम्मान है लेकिन अब यही वक्त है कि विपक्ष के नेताओं की ओर से जो कई विषयों को लेकर गलत जानकारी देकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है । उसका मुंह तोड़ जवाब दिया जाए उन्होंने पार्टी के कार्यकर्ताओं से कहा कि वह केंद्र की मोदी सरकार और राजस्थान की सरकार ने पिछले दो सालों में पानी बिजली सड़क कृषि चिकित्सा शिक्षा रोजगार उद्योग इत्यादि क्षेत्रों में जो कार्य किए हैं उसके बारे में घर-घर जाकर लोगों को जानकारी दें केंद्र सरकार और राजस्थान सरकार की ओर से संचालित की जा रही सभी योजनाओं के बारे में लोगों को बताएं ताकि जो लोग इन योजनाओं का फायदा नहीं उठा पा रहे हैं उन्हें जानकारी होगी तो वह लोग भी सरकार की योजनाओं का फायदा उठा पाएंगे और सरकार के कार्यों का प्रचार प्रचार भी हो पाएगा मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं से कहा कि सरकार अपने स्तर पर अपने कार्यों का प्रचार प्रसार कर रही है लेकिन संगठन स्तर पर प्रचार प्रसार और भी शानदार तरीके से संपादित हो सकता है क्योंकि संगठन से जुड़े नेता जनता के बीच में रहते हैं और जनता की भावनाओं को समझते हैं जनता की तकलीफों को समझते हैं इसलिए संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं और नेताओं के दम पर सरकार के कार्यों का ठीक तरह से प्रचार प्रसार हो सकता है पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार ने पानी बिजली सड़क शिक्षा चिकित्सा रोजगार उद्योग कृषि कानून व्यवस्था इत्यादि क्षेत्रों में जोरदार ऐतिहासिक कार्य किए हैं कई बड़े निर्णय लिए हैं सरकार ने भाजपा के संकल्प पत्र के वादों को भी करीब करीब पूरा कर लिया है इसके अलावा अब तक जो बजट प्रस्तुत किए गए उन बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन में भी सरकार तेजी से कार्य कर रही है इसलिए सरकार ने पिछले 24 महीना में किसी भी क्षेत्र में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी है ।

## बंगाल में निलंबित TMC विधायक ने बाबरी की नींव रखीः मौलवियों के साथ फीता काटा

मुर्शिदाबाद/कोलकाता



पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के बेलडांगा में TMC से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने शनिवार को अयोध्या की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर बनने वाली मस्जिद की आधारशिला रखी। कबीर ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मंच पर मौलवियों के साथ फीता काटकर औपचारिकता पूरी की। इस दौरान नारा-ए-तकबीर, अल्लाहु अकबर के नारे लगाए गए। कार्यक्रम में 2 लाख से ज्यादा लोगों की भीड़ जुटी। बंगाल के अलग-अलग जिलों से आए लोगों में कोई अपने सिर, कोई ट्रैक्टर-ट्रॉली तो कोई रिक्शा या वैन से ईंट लेकर कार्यक्रम स्थल पर पहुंचा था। कार्यक्रम को लेकर बेलडांगा समेत आसपास का इलाका आज सुबह से हाई अलर्ट पर है। बेलडांगा और उसके आसपास सेंट्रल आर्म्ड फोर्स की 19 टीमें, रैपिड एक्शन फोर्स, बीएसएफ, स्थानीय पुलिस की कई टीमों समेत 3 हजार से ज्यादा जवान तैनात हैं। हुमायूं कबीर ने 25 नवंबर को कहा था कि वे 6 दिसंबर को अयोध्या में विवादित ढांचे के विध्वंस के 33 साल पूरे होने पर बाबरी मस्जिद की आधारशिला रखेंगे। TMC ने 4 दिसंबर को हुमायूं कबीर को पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। कार्यक्रम से पहले हुमायूं कबीर ने शनिवार को कहा था कि हिंसा भड़काकर कार्यक्रम को बाधित करने की साजिशें रची जा रही हैं, लेकिन मैं बेलडांगा में मस्जिद की नींव रखूंगा। कोई भी ताकत इसे रोक नहीं सकती। हम कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेशों का पालन करेंगे। कोलकाता हाईकोर्ट ने शुक्रवार को मस्जिद निर्माण पर रोक लगाने से इनकार किया था। कोर्ट ने कहा- कार्यक्रम के दौरान शांति बनाए रखने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की होगी। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद हुमायूं कबीर ने मस्जिद की नींव रखी।

## निःशुल्क नेत्र जाँच व मैडिकल शिविर हरसौरा, बानसूर में आज

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महावीर इन्टरनेशनल अलवर केन्द्र द्वारा गुरूजी स्व. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा की स्मृति में 07 दिसम्बर, वार रविवार को निःशुल्क नेत्र जाँच व मैडिकल शिविर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, हरसौरा, बस स्टैण्ड, बानसूर में लगाया जाएगा। शिविर प्रातः 08:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक लगाया जायेगा। शिविर में डॉ. सुरेन्द्र जैन (वरिष्ठ चिकित्सक), डॉ. राकेश गुप्ता (नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन), डॉ. ध्रुवी भारद्वाज (चर्म रोग विशेषज्ञ), डॉ. शैली जैन (दन्त रोग चिकित्सक), डॉ. दिव्या शर्मा (होम्योपैथिक चिकित्सक) मरीजों निःशुल्क परामर्श देंगे तथा नेत्र के मरीजों की निःशुल्क जाँच कर मोतियाबिन्द के मरीजों को चिन्हित किये जायेंगे। मरीजों को निःशुल्क दवाईया दी जायेगी। केन्द्र सचिव वीर सूर्यकान्त भारद्वाज ने बताया कि मोतियाबिन्द के चिन्हित मरीजों के लैंस प्रत्यारोपण के ऑपरेशन डॉ. राकेश गुप्ता द्वारा आचार्य हस्ति चिकित्सालय, 1 शान्ति कुंज, भवानी तोप सर्किल, मीनल होटल के पास, अलवर में किए जाएंगे। शिविर में मोतियाबिन्द के चिन्हित मरीजों को हरसौरा से लाने-ले जाने, रहने-खाने, चश्मे, दवाईयों की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। उन्होंने बताया कि सभी मरीज अपना पहचान-पत्र की फोटो प्रति साथ लावे।

## लाडो प्रोत्साहन योजना के भुगतान करने में जिला खैरथल तिजारा ने राज्य में प्राप्त किया तीसरा स्थान

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** लाडो प्रोत्साहन योजना के तहत जीवित बालिका जन्म पर राज्य सरकार द्वारा लाभार्थी को 1,50,000 रुपए की आर्थिक सहायता राशि दी जाती हैं। इसके अंतर्गत अगर कोई महिला राज्य के सरकारी अस्पताल में डिलीवरी करवाती है तो उसकी बालिका जन्म पर प्रथम किस्त के रूप में2500 दिए जाते हैं। तथा दूसरी किस्त बच्ची के 9 माह पूर्ण होने पर एवं समस्त टीकाकरण करवाने पर?2500 की किस्त दी जाती है। बाकी की 5 किस्तों के रूप में भुगतान शिक्षा विभाग द्वारा दिया जाता है। स्कूल में एडमिशन पर तीसरी किस्त 5,10,12 कक्षा और स्नातक पास करने पर बाकी की किस्तों को भुगतान किया जाता है ये भुगतान सीदे लाभार्थी के माता के अकाउंट में दिया जाता है जिला खैरथल तिजारा में कुल 2088 जीवित बालिका का जन्म हुआ जिसमे से 1957 लाभार्थियों खाते में भुगतान किया जा चुका है। जो की 93.73' है इसके अंतर्गत राज्य में जिले ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। उक्त योजना का लाभ लेने के लिए सरकार अस्पताल में डिलीवरी करावे तथा निम्न दस्तावेज जमा करावे-1. जन आधार कार्ड, 2. खाता संख्या पास बुक की प्रति, 3. आधार कार्ड।

## सामुदायिक भवन का किया निरीक्षण



जयपुर टाइम्स

**बहरोड़/बसइ(निसं.)।** ग्राम पंचायत मुख्यालय बसई में प्रधान कोटे से निर्माणाधीन स्वतंत्रता सेनानी बाबू शोभाराम सामुदायिक भवन का निरीक्षण प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव एडवोकेट ने किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में गति लाने तथा मानकों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने के स्पष्ट निर्देश दिए। ग्रामवासियों ने भवन निर्माण की प्रगति को संतोषजनक बताते हुए प्रधान के प्रति आभार व्यक्त किया। निरीक्षण के समय सरपंच कृष्ण कुमार मीणा, पूर्व सरपंच सोताज सिंह यादव, पार्षद रोहतास, डॉ. जयपाल यादव, सुनील यादव, रोहतास गुर्जर सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## रिया बिंदल को प्रथम पुरस्कार से किया सम्मानित



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(निसं.)।** आर्च कॉलेज, जयपुर में आयोजित वार्षिक समारोह में अलवर निवासी प्रशांत बिंदल की पुत्री रिया बिंदल को B.Des (बैचलर ऑफ डिजाइनिंग) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया। चार वर्षीय डिजाइनिंग कोर्स में रिया ने लगातार श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए ग्राफिक डिजाइनिंग में पूरे कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य मंच पर रिया को सर्टिफिकेट एवं शील्ड प्रदान की गई। रिया की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवार और शिक्षण जगत में हर्ष की लहर है।

## जेपीएमआईए: पश्चिमी राजस्थान के औद्योगिक उदय का नया आधार– दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रियल कॉरिडोर अब ले रहा है नया आकार

**जयपुर(कासं.)** मुख्यमंत्री महोदय की हमेशा से यह प्रगतिशील सोच रही है कि राज्य में बड़े औद्योगिक क्षेत्र विकसित किए जाएं, जो पूर्ण इंडस्ट्रियल टाउनशिप के रूप में उभरें। इन टाउनशिप में मैन्युफैक्चरिंग एवं सर्विस के साथ-साथ लॉजिस्टिक, वेयरहाउसिंग तथा सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर जैसी सभी आवश्यक सहायक सेवाओं का समावेश हो, ताकि ये क्षेत्र अपने आप में आर्थिक विकास के प्रमुख केंद्र बन सकें। इसी सोच के अनुरूप जोधपुर-पाली-मारवाड़ इंडस्ट्रियल क्षेत्र लगभग 3600 हैक्टेयर भूमि पर विकसित किया जा रहा है। यह क्षेत्र राज्य की सबसे बड़ी औद्योगिक टाउनशिप के रूप में स्थापित होगा और प्रदेश के आर्थिक विकास को नई गति प्रदान करेगा। इस औद्योगिक क्षेत्र में बड़े पैमाने पर निवेश के साथ-साथ हजारों लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे स्थानीय व क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था को भी सुदृढ़ आधार मिलेगा।

# सौगात : केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने किशनगढ़ बास को दी 125 करोड़ की विकास सौगात

### सड़क-पानी-खेल-सामुदायिक सुविधाओं सहित कई परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** किशनगढ़बास क्षेत्र को शनिवार को केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव की ओर से 125 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का बड़ा उपहार मिला। मंत्री ने सड़क, पेयजल, खेल, डेयरी, सामुदायिक भवनों तथा कई अन्य बुनियादी सुविधाओं के कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया।

**विकास और जनकल्याण सरकार की प्राथमिकता – केंद्रीय मंत्री**

मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। गरीब कल्याण, सामाजिक न्याय और बुनियादी ढांचे का विस्तार सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने महिलाओं के डेयरी कार्य को मजबूत करने पर जोर देते हुए बताया कि अलवर डेयरी के लिए 350 करोड़ रुपये के नए संयंत्र को मंजूरी दी गई है, जिसे 5 लाख लीटर प्रतिदिन की क्षमता तक विकसित किया जाएगा।

**खेलों में नई उड़ान- इंटरनेशनल लेवल अकादमी की घोषणा**

भूपेंद्र यादव ने बताया कि खैरथल में इंटरनेशनल लेवल की खेल अकादमी स्थापित की जाएगी, जिसमें बच्चों को कुश्ती सहित विभिन्न खेलों की उच्चस्तरीय ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि ई-लाइब्रेरी, खेल मैदान और रेलवे सुविधाओं का विस्तार तेजी से किया जा रहा है।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए चार सूत्रीय योजना**

मंत्री ने ग्रामीण विकास के लिए चार महत्वपूर्ण बिंदु बताए–

1. कोऑपरेटिव बैंक को मजबूत करना
2. भूमि विकास बैंक को सशक्त बनाना
3. महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा
4. गांव-गांव ई-लाइब्रेरी व खेल मैदान का विस्तार

उन्होंने कहा कि इन चार पहलुओं पर कार्य कर ग्रामीण क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनाया जा सकता है।

**अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस पर संकल्प**

मंत्री ने कहा कि बाबा साहेब अम्बेडकर के सपनों के अनुरूप विकास-केन्द्रित राजनीति ही उनका संकल्प है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में अलवर और खैरथल-तिजारा क्षेत्र का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा रहा है।

**परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास**

शहरी व ग्रामीण विकास
बुढ़ी बावल स्थित पीएससी भवन का लोकार्पण
प्रधानमंत्री आवास योजना 1.0 - ?301.50 लाख (211 लाभार्थी)
प्रधानमंत्री आवास योजना 2.0 - 253.00 लाख (399 लाभार्थी)
पीएम स्वनिधि - 41.95 लाख (205 लाभार्थी)
सीएम स्वनिधि - 1.70 लाख (17 लाभार्थी)
297 पट्टों का वितरण
61 भूखंड और 53 पट्टे (गड़िया लोहार योजना)

**सामुदायिक सुविधाएँ**

पंडित दीनदयाल उपाध्याय बस स्टैंड (4 करोड़)
अंबेडकर भवन भूरपहाड़ी (48 लाख)
एमआरएफ प्लांट का शिलान्यास (?201.61 लाख)
सद्भावना मंडप का लोकार्पण (?309.60 लाख)

**जल संसाधन एवं पानी परियोजनाएँ**

जल स्वावलंबन योजना 2.0 में
11 संरचनाएँ पूर्ण (?45.30 लाख)
39 संरचनाओं का शिलान्यास (110.35 लाख)
ग्रामीण पेयजल परियोजना- 7753 लाख
जल जीवन मिशन के अंतर्गत
ग्राम मांचा – 307 लाख
ग्राम इस्माइलपुर – 304 लाख
ग्राम घासोली – 430 लाख
ऐनीकट मरम्मत व निर्माण – ?241.83 लाख एवं 47.92 लाख

**सड़क और अधोसंरचना विकास**

सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा कई महत्वपूर्ण सड़कों का शिलान्यास व लोकार्पण
बीबीरानी-करवड-उदयपुर-ढाकी-शंकर का तिबारा-बारका श्यामों की ढाणी-तिजारा मार्ग (2200 लाख)
विभिन्न संपर्क सड़कों, नवीनीकरण व नए निर्माण पर – 8 लाख से 70 लाख तक की 20 से अधिक परियोजनाएँ

इस अवसर पर कठूमर विधायक रमेश खींची, पूर्व विधायक जयराम जाटव, बनवारी लाल सिंघल, जिला प्रमुख बलबीर छिल्लर, जिलाध्यक्ष महासिंह चौधरी, सभापति तारा मणि सिंघल, एडवोकेट बस्तीराम यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर कांग्रेस ने दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, अलवर शहर द्वारा भारतीय संविधान के शिल्पकार, शोषित एवं पीड़ित समाज के मसीहा, भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर जी की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष जे. डी. आर्यन ने बताया कि कांग्रेसजनों द्वारा बाबासाहेब की पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया गया तथा उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर जी को लोकप्रिय रूप से भारतीय संविधान के निर्माता और सामाजिक न्याय के प्रखर प्रहरी के रूप में जाना जाता है। उन्होंने बताया कि 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा द्वारा स्वीकार किए गए संविधान के प्रारूप को ड्राफ्टिंग कमेटी ने डॉ. बी. आर. अंबेडकर की अध्यक्षता में तैयार किया था, जो 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ और भारत गणराज्य बना। मिश्रा ने कहा कि बाबा साहेब की देन है कि आज भारत का हर नागरिक समानता, स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति और अधिकारों के साथ जी रहा है। समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान, कमजोर वर्गों का सशक्तिकरण और राष्ट्र की अखंडता उनके योगदान की अमूल्य विरासत है। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेश मिश्रा, शहर अध्यक्ष जे. डी. आर्यन, प्रीतम मेहंदीरत्ता, गोपाल दास खटीक, जोगेंद्र कोचर, रिपु दमन गुप्ता, जमशेद खान, राकेश बैरवा, पुष्पेंद्र धाबाई, जीत कौर सांगवान, लीली यादव, मुकेश सारवन, दीपेंद्र सैनी, के. के. खंडेलवाल, हुकुम सिंह, विशाल बौद्ध, के. सी. मीणा, अशोक धानका, रामकिशन जाजोरिया, रमन सैनी, बीना नरुका, डाल चंद वर्मा, रमेश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, कमल सैन, सीताराम सौगात, हरिराम जाटव, जितेंद्र सारवन, प्रकाश, खेमचंद महावर सहित अनेक कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## अपनाघर शालीमार में तोरण द्वार की नींव मुहूर्त के साथ हुआ, श्री श्याम तोरण द्वार का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स






**अलवर(निसं.)।** अलवर की सबसे बड़ी सोसायटी अपनाघर शालीमार 30 बीघा में खाटू श्यामजी की तर्ज पर भव्य तोरण द्वार (स्वागत द्वार) का निर्माण किया जाएगा। भव्य तोरण द्वार का शिलान्यास शनिवार को श्री राम स्वरूप जी महाराज निज पुजारी मूंडरू धाम के पावन सन्निध्य में नींव रखी। उपरांत विशाल अन्नकूट भंडारा का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल के उपाध्यक्ष जितेंद्र सेतिया ने बताया कि तोरण द्वार नींव मुहूर्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खाटू नरेश बाबा श्याम जी रहे व विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल, अपनाघर शालीमार के डायरेक्टर अशोक सैनी, व जीतू माली अध्यक्ष एवं संस्थापक अखिल भारतीय स्वास्थ्य सेवा दल खाटू धाम रहे। यह स्वागत द्वार खाटू श्याम जी की तर्ज पर बनाया जाएगा। यह तोरण द्वार 32 फुट लंबा व 30 फुट चौड़ा होगा यह अलवर जिले के श्याम भक्तों के लिए गौरव की बात है। यह तोरण द्वार अपनाघर शालीमार स्थित श्री राम श्याम मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं का मुख्य पॉइंट होगा. सबसे ऊपर बाबा श्याम का प्रतीक श्याम निशान लगाया जाएगा। वही कोषाध्यक्ष लता सैन ने बताया कि 19 दिसंबर को भव्य निशान यात्रा व चांदी के रथ पर विराजमान बाबा श्याम की रथयात्रा निकाली जाएगी। ओर 20 दिसंबर 2025 को बाबा श्याम का भव्य श्री श्याम संकीर्तन किया जाएगा। श्री श्याम संकीर्तन में कोलकाता से जय शंकर चौधरी, दिल्ली से राधिका ठाकुर, दिल्ली से सोनी सिस्टर्स, अलवर से भाई महेंद्र अमन, कमल कान्हा व दिल्ली की ध्वनि म्यूजिकल ग्रुप अपनी स्वर लहरियों से बाबा को मीठे मीठे भजनो से रिझायेगे, वही मंच संचालक राजकुमार दादवानी द्वारा किया जाएगा। महोत्सव में कोलकता के फूलों से खाटू श्याम बाबा का आलौकिक श्रृंगार किया जाएगा व 56 भोग की झांकी सजाई जाएगी। इस अवसर पर श्री श्याम मोरछड़ी मित्र मंडल के अध्यक्ष भानु प्रकाश सैन ने कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया। वही कार्यक्रम में लता सैन, आरती कौर, लोकेश गुप्ता, वेद प्रकाश, नरेश कुमार विजय, सुशील गुप्ता, पवन छाबड़ा, राज अग्रवाल आदि सभी सदस्यों का सहयोग प्राप्त हुआ।

## अलवर की मुक्केबाज चारु यादव का खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में स्वर्ण पदक

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** भरतपुर में 1 दिसंबर से 5 दिसंबर तक आयोजित हो रहे खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में अलवर की प्रतिभाशाली मुक्केबाज चारु यादव ने फाइनल मुकाबले में दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर उन्होंने एक के बाद एक मुकाबलों में जीत दर्ज कर यह उपलब्धि हासिल की। चारु यादव की इस शानदार सफलता से अलवर जिले का गौरव राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ा है। स्वर्ण पदक जीतने पर अलवर जिला बॉक्सिंग संघ के अध्यक्ष दिनेश भार्गव, सचिव देवेंद्र सिंह रावत एवं पदाधिकारी भूपेंद्र सिंह राठौड़, साधना शर्मा, मनीष सैनी, संजीव शर्मा, गिरीश शर्मा, दीपक प्रजापत, हुकुम सिंह गॉड, कीर्ति भटनागर आदि ने चारु यादव को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संघ पदाधिकारियों ने कहा कि यह उपलब्धि जिले की अन्य महिला एवं युवा खिलाड़ियों को भी प्रेरित करेगी और बॉक्सिंग खेल को नई दिशा प्रदान करेगी। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में टेक्निकल ऑफीसर अजीत यादव एवं गौरव सैनी रहे और अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।

## राजस्थान पुजारी महासंघ की तरफ से बनिया का बाग मंदिर में भगवान राधा- कृष्ण की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराई



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजस्थान पुजारी महासंघ की तरफ से शनिवार को बनिया का बाग मंदिर में भगवान राधा-कृष्ण की मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। पुजारी महासंघ के पंडित विवेकानन्द शर्मा ने बताया कि पिछले दिनों राधा कृष्ण की मूर्ति तोड़ी गई थी, इसमें राजस्थान पुजारी महासंघ के अथक प्रयासों से शनिवार को मंदिर प्रांगण में विधिवत उपचार एवं मंत्रोच्चारण से भगवान भगवान राधा-कृष्ण की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई। मंदिर प्रांगण में हवन एवं पूजा पाठ किए गए बैंड बाजों से पूरे मोहल्ले में शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुजारी महासंघ के अध्यक्ष आचार्य राजेंद्र शर्मा ने की। इस मौके पर संघ के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे। जिसमें पंडित विवेकानन्द शर्मा, राजकुमार शर्मा, कंचन शर्मा, योगानंद शर्मा, अनिल शर्मा, योगेश शर्मा, राधाकृष्ण गोस्वामी, बृजबिहारी शर्मा, अनिल शर्मा, नवीन शर्मा, मंदिर पुजारी खुशी राम शर्मा आदि उपस्थित रहे।

इस आयोजन में पुलिस प्रशासन का पूरा सहयोग रहा। अतः राजस्थान पुजारी महासंघ ने पुलिस प्रशासन का भी धन्यवाद ज्ञापित किया।

## उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने दूदू क्षेत्र को दी विकास की नई सौगातें



**जयपुर(कासं.)** उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा ने शनिवार को दूदू विधानसभा क्षेत्र के चकवाड़ा, मौजमाबाद और बोराज में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र की देवतुल्य जनता से आत्मीय संवाद स्थापित करते हुए प्रदेश सरकार की जनहितकारी योजनाओं और कल्याणकारी नीतियों की विस्तृत जानकारी साझा की। डॉ. बैरवा ने कहा कि राज्य सरकार सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल और आधारभूत संरचना को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के संतुलित और समग्र विकास के लिए दृढ़ संकल्पित है। उन्होंने बताया कि सरकार का प्रत्येक निर्णय जनहित और जनता के उत्थान को ध्यान में रखकर लिया जा रहा है, जिससे प्रदेश विकास के नए आयाम स्थापित कर सके। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन की उपस्थिति ने जनप्रतिनिधियों का उत्साह बढ़ाया। इस अवसर पर जयपुर जिला प्रमुख रमा चौपड़ा सहित क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों से दूदू क्षेत्र में विकास की गति और अधिक तेज होने की उम्मीद जताई जा रही है।

## औषधि नियंत्रण आयुक्तालय की बड़ी कार्रवाई, नकली दवा विक्रेता फर्म से 3.73 करोड़ की दवा जब्त

**जयपुर(कासं.)** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग प्रदेश में नकली दवाओं के निर्माण एवं कारोबार पर निरंतर सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी कड़ी में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण आयुक्तालय द्वारा शुक्रवार रात जयपुर स्थित एक फर्म पर कार्रवाई करते हुए 3 करोड़ 73 लाख रूपए की दवाएं जब्त की गईं। आयुक्त डॉ. टी शुभमंगला ने बताया कि जीके एंटरप्राइजेज, जयपुर पर कार्रवाई करते हुए लगभग 3.73 करोड़ रूपए की दवाइयों को जब्त किया गया है। अजय फाटक , ओषधि नियंत्रक ने बताया कि यह फर्म नकली एवं ग़ैर-मानक घोषित दवाओं टेबलेट विनसेट-एल एवं एल्गीविन–एम की बिक्री में संलिप्त पाई गई है। जो कि वाईएल फार्मा, बद्दी (हिमाचल प्रदेश) द्वारा निर्मित की गई हैं। टेबलेट विनसेट–एल दवा की जांच के दौरान कोमल रूपचंदानी, ओषधि नियंत्रण अधिकारी को जाँच के दौरान फर्म के एक पूर्व भागीदार श्री गिरिराज अजमेरा ने बताया कि उन्होंने वर्ष 2019 में जी के एंटरप्राइजेज से अपनी भागीदारी छोड़ दी थी। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 एवं नियम, 1945 के अनुसार, फर्म की संरचना में परिवर्तन होने पर 03 माह के भीतर नया लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य होता है।

# प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह में अब तक 7000 रजिस्ट्रेशन: मुख्य सचिव श्रीनिवास

### मुख्य सचिव श्रीनिवास और वरिष्ठ आईएएस शिखर अग्रवाल ने जयपुर एजुकेशन एंड कन्वेंशन सेंटर में व्यवस्थाओं का जायजा लिया

जयपुर टाइम्स





**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के मुख्य सचिव वी.श्रीनिवास और वरिष्ठ आईएएस शिखर अग्रवाल शनिवार को जयपुर स्थित जयपुर एग्जिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर में पहुंचे जहां इन्होंने 10 दिसंबर को आयोजित प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह की तैयारी और व्यवस्थाओं के बारे में जाया जा लिया इन दोनों ही अधिकारियों ने इस कार्यक्रम से जुड़ी सभी छोटी-बड़ी व्यवस्थाओं और तैयारी के बारे में जानकारी हासिल की और अपनी ओर से आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए कार्यक्रम में आने वाले किसी भी विशिष्ट जन को किसी भी तरह की कोई परेशानी नहीं हो और यह कार्यक्रम बहुत ही खूबसूरती और शानदार तरीके से संपादित हो इसके लिए श्रीनिवास और अग्रवालने व्यवस्थाओं की देखरेख और रूपरेखा तैयार कर रहे अधिकारियों को आवश्यक टिप्स और सुझाव भी दिए । इस कार्यक्रम में देश और दुनिया में अलग-अलग क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित हो चुके राजस्थान मूल के विशिष्ट जन शामिल हो रहे हैं इसमें कई बड़े उद्योगपति कई बड़े चिकित्सक, कला, संस्कृति, पर्यटन ,फिल्म उद्योग , ऑटोमोबाइल ,टेक्सटाइल ,खाना, एन पेट्रोकेमिकल्स इत्यादि सभी क्षेत्र से जुड़े बड़े-बड़े लोग और विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं इसलिए कार्यक्रम बहुत ही सुव्यवस्थित तरीके से और अच्छे माहौल में संपादित हो इसके लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य सचिव श्रीनिवास ने बताया कि प्रवासी राजस्थान दिवस समारोह को लेकर देश और दुनिया में मौजूद राजस्थान मूल के उद्योगपतियों और अलग-अलग क्षेत्र में स्थापित हो चुके राजस्थान मूल के लोगों में काफी उत्सुकता बनी हुई है करीब 7000 विशिष्ट जनों के अब तक रजिस्ट्रेशन भी हो चुके हैं इसलिए इस समारोह को ऐतिहासिक और सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए राजस्थान सरकार ने भी अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी है इसके लिए सभी अधिकारी पूरी तन्मयता और समर्पित भाव से इस आयोजन को शानदार तरीके से संपादित करने की कोशिश में जुटे हुए हैं उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों में आर्थिक और सामाजिक विकास की असीम संभावनाएं हैं इसलिए प्रदेश के आर्थिक और सामाजिक विकास में इन प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से राजस्थान का विकास और भी तेजी से आगे बढ़ेगा तथा राजस्थान में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और उद्योगों का एक नया माहौल भी कायम हो सकेगा इसलिए प्रवासी राजस्थानियों को निवेश के लिए प्रेरित करने के लिए सरकार ने कई तरह की यहां अच्छी व्यवस्थाएं भी की है कई तरह के नियम और नीतियां बनाई हैं ताकि प्रवासी राजस्थानियों को यहां नए उद्योग स्थापित करने में किसी भी तरह की कोई दिक्कत नहीं हो इसके लिए राजस्थान सरकार ने एक अलग से विभाग की स्थापना की है जो प्रवासी राजस्थानियों से जुड़ी हर समस्या और कार्य को दिखेगा इस तरह से प्रवासी राजस्थानियों को राजस्थान से जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार ने कई तरह के नवाचार और कई बड़े कदम उठाए हैं इसीलिए इस समारोह को लेकर दुनिया भर के प्रवासी राजस्थानियों में जोरदार उत्साह देखा गया है वरिष्ठ आईएएस शिखर अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्रियों गवर्नर और कई अन्य विशिष्ट मेहमानों के भी आने की संभावना है यह एक-दो दिन में पूरी तरह से फाइनल हो जाएगा इसके अलावा कार्यक्रम में जिन-जिन प्रवासी राजस्थानियों को सम्मानित किया जाएगा उसके बारे में भी जल्दी ही मीडिया को जानकारी उपलब्ध करा दी जाएगी ।

शास्त्री नगर में ड्रग्स विभाग की बड़ी कार्रवाई

## बिना लाइसेंस दवाई का कारोबार, 3.73 करोड़ की दवाई बरामद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर के शास्त्री नगर इलाके में ड्रग्स विभाग की ओर से शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए दवाई का अवैध कारोबार करने वाली एक फर्म पर कार्रवाई की यहां ड्रग्स विभाग ने करीब 3.73 करोड़ रुपए कीमत की दवाई बरामद की है और फर्म से बरामद किए गए तमाम तरह के पत्रावली और कागजात की जांच की जा रही है जानकारी के अनुसार शास्त्री नगर में जीके एंटरप्राइजेज नाम की फर्म है जिसके यहां ड्रग्स विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया जिसमें बिना लाइसेंस के दवाई का कारोबार करने की बात सामने आई है यह फर्म पूरी तरह से नियम और कानून को दरकिनार करके संचालित की जा रही थी जांच पड़ताल में यह भी सामने आया है कि यह फर्म एस एल फार्मा से कनेक्ट है जो पहले से ही सरकार के जांच के दायरे में है इसलिए बरामद की गई दवाई के बारे में गंभीरता से छानबीन की जा रही है बरामद की गई दवाइयां को कहां-कहां किन-किन लोगों को वितरित किया गया है और यह फर्म कब से संचालित है इन सब विषयों पर ड्रग्स विभाग की जांच पड़ताल खबर लिखे जाने तक जारी थी जानकार लोगों का कहना है कि बिना लाइसेंस के इस तरह से दवाई का कारोबार करना खतरे से खाली नहीं है लेकिन बड़ी बात यही है कि यह फर्म लंबे समय से संचालित हो रही थी इतने दिनों बाद ड्रग्स विभाग की नजर इस फर्म पर क्यों गिरी अब से पहले यहां करवाई क्यों नहीं की गई आखिर ऐसी कौन सी वजह थी जिसकी वजह से ड्रग्स विभाग की निगाह इस संस्था पर नहीं टिकी यह भी एक जांच का विषय है क्योंकि राजधानी जयपुर में ही बिना लाइसेंस के इतने बड़े दवाई के कारोबार का संचालन होना कहीं ना कहीं ड्रग्स विभाग के लापरवाही को भी उजागर कर रहा है हालांकि यह बात जरूर है कि शनिवार को ड्रग्स विभाग ने यहां पर छापामार कार्रवाई को अंजाम दिया लेकिन यह कार्रवाई अब से पहले ही हो जानी चाहिए थी ।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने पुलिस लाइन की व्यवस्थाओं का किया निरीक्षण

### संबंधित पुलिस अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा-निर्देश। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय वैभव शर्मा रहें साथ।



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान द्वारा पुलिस लाइन का निरीक्षण किया, इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा भी साथ रहें। इस मौके पर उन्होंने वहां अलग-अलग ब्रांचों में तैनात पुलिस अधिकारी और जवानों से उनके कार्य के सम्बन्ध में जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने पुलिस लाइन में स्थित एमटी शाखा, वायरलैस शाखा, शस्त्रागार, क्वार्टर गार्ड, मैस, खेल मैदान, कैंटीन आदि का विजिट किया। इसके बाद फैमिली क्वार्टर्स का निरीक्षण कर खासकर साफ सफाई के सम्बन्ध में निर्देश दिए। पुलिस लाइन में तैनात पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर कोताही नहीं बरतने और अपने-अपने काम को बेहतर तरीके से अंजाम देने के निर्देश दिए। विजिट के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, संचित निरीक्षक उदयचंद मीणा, सहायक उप निरीक्षक मोहन सिंह, हवलदार मेजर जसराम सहित अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी उपस्थित रहें भी साथ रहे।

## शिक्षा मानवीय मूल्यों एवं चरित्र निर्माण का आधार: मदन दिलावर

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/टोंक(कासं.)** शिक्षा एवं पंचायतीराज मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षा का लक्ष्य केवल परीक्षा उत्तीर्ण कराना नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों एवं सुदृढ़ चरित्र का निर्माण होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक बच्चों को सिर्फ किताबी ज्ञान तक सीमित न रखें, बल्कि व्यवहारिक ज्ञान भी दें, ताकि वे किसी भी स्तर पर पीछे न रहें और हर क्षेत्र में देश, समाज एवं परिवार का नाम रोशन कर सकें। दिलावर शनिवार को टोंक जिला मुख्यालय के एक निजी रिसोर्ट में आयोजित पीएम श्री विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के आमुखीकरण कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विगत दो वर्षों में राजस्थान में शिक्षा के क्षेत्र में कई नवाचार किए गए हैं। इसके परिणामस्वरूप न केवल शिक्षा के स्तर में सुधार हुआ है, बल्कि विद्यार्थियों के नैतिक एवं व्यवहारिक ज्ञान में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा की गुणवत्ता के मामले में राज्य पहले 12वें स्थान पर था, जो अब तीसरे स्थान पर पहुंच गया है, जो सरकार की शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है। मंत्री ने कहा कि तीन दिवसीय कार्यशाला में समाज की विविध समस्याओं के समाधान में मानवीय मूल्यों की प्रासंगिकता पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। मानवीय मूल्यों की शिक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रेम, करुणा, सत्य, अहिंसा, सम्मान एवं जिम्मेदारी जैसे गुणों का विकास करना है, ताकि वे नैतिक निर्णय लेकर भावनात्मक रूप से सक्षम नागरिक बन सकें और समाज व पर्यावरण के प्रति सकारात्मक योगदान दे सकें। कार्यशाला की शुरुआत मां शारदे के चित्र पर माल्यार्पण एवं वंदेमातरम् के साथ हुई। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी परशुराम धानका, जिलाध्यक्ष चन्दवीर सिंह चौहान, शिक्षा मंत्री के ओएसडी सतीश गुप्ता, दक्ष प्रशिक्षक डॉ. एस.डी. चारण, बृजकिशोर शर्मा, सीडीईओ सुबे सिंह यादव, जिला शिक्षा अधिकारी राजेश कुमार शर्मा सहित अजमेर एवं जयपुर संभाग के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे।

# 2 साल में मगरमच्छ तो क्या मच्छर तक नहीं पकड़ पाए: डोटासरा

### शनिवार को भी दिल्ली की रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस जनों के बीच गंभीरता से मंथन

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जनसभा में और विभिन्न कार्यक्रमों में यह कहते रहते हैं कि पेपर लीक के मामलों में पिछली सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की और हमारी सरकार लगातार दोषी लोगों को गिरफ्तार कर रही है और अब बहुत जल्दी ही बड़े मगरमच्छों को भी गिरफ्तार किया जाएगा तो फिर मैं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से यह पूछता हूं कि आपको रोका किसने है आप मगरमच्छों को गिरफ्तार क्यों नहीं करते 2 साल बीत गए मगरमच्छ तो क्या आपने मच्छर तक गिरफ्तार नहीं किए हैं सिर्फ प्रदेश के युवाओं को और लोगों को जांच के नाम पर गुमराह कर रहे हैं उन्होंने कहा कि विपक्ष के नेताओं को इस तरह से डरा धमकाकर सत्ता पक्ष विपक्ष की जुबान को बंद नहीं कर सकता उन्होंने कहा कि पिछली सरकार में वे भी मंत्री थे और अगर सरकार को यह लगता है कि उन्होंने गलती की थी तो फिर सरकार के हाथ किसने बांधे हैं सरकार कार्रवाई करें लेकिन गलत तरीके से सरकार का प्रभाव दिखाकर विपक्ष के नेताओं की जुबान बंद नहीं की जा सकती डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा यमुना जल समझौते को लेकर हर जगह बड़ी-बड़ी बातें कर रहे हैं लेकिन सरकार के कार्यकाल को 24 महीने होने को है अभी तक सरकार ने इसकी डीपीआर तक नहीं बनाई है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डबल इंजन की सरकार की बात कहकर लोगों को विकास कार्यों के लिए भरोसे में लेने का प्रयास करते हैं लेकिन संसद में केंद्रीय मंत्री ने ईआरसीपी योजना को राष्ट्रीय परियोजना मानने से साफ इनकार कर दिया उन्होंने कहा कि सिर्फ पिछले 2 साल में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बार-बार दिल्ली का दौरा करने के अलावा और कोई दूसरा काम नहीं किया है मुख्यमंत्री शर्मा सिर्फ दिल्ली में हाजिरी देने के लिए जाते हैं और हाजिरी देकर वापस खाली हाथ राजस्थान लौट आते हैं उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और मंत्रियों के हाथ में कुछ भी नहीं है सारा कार्य दिल्ली से हो रहा है इसलिए जैसा दिल्ली कहती है वैसा ही राजस्थान की सरकार काम कर रही है क्योंकि जब पर्ची ही दिल्ली से आई है तो फिर यहां के मुख्यमंत्री और मंत्री के हाथ में कुछ भी कार्य नहीं है उन्होंने कहा कि यही वजह है कि पिछले 2 साल में प्रदेश की जनता सरकार से काफी परेशान हो चुकी है हालत यह है कि पिछली सरकार के समय जो जन कल्याणकारी योजनाएं थी जिसे किसान गरीब मजदूर का भला होता था उन योजनाओं को भी बंद करके प्रदेश के लोगों के साथ अन्याय किया है उन्होंने कहा कि अंता विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी को जो जीत मिली है उसका सबसे बड़ा कारण यही है कि प्रदेश के लोगों का भारतीय जनता पार्टी की सरकार से भरोसा उठ चुका है उधर राजस्थान कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को भी दिल्ली में 14 दिसंबर को आयोजित होने वाली कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय स्तर की रैली की तैयारी को लेकर डोटासरा ने पार्टी के विधायकों जिला अध्यक्षों मंडल अध्यक्षों और अन्य बड़े नेताओं से चर्चा की शुक्रवार को भी डोटासरा ने प्रदेश के कई जिला अध्यक्षों विधायकों और पार्टी के संगठन के नेताओं से बातचीत की थी जो नेता शुक्रवार की बैठक में नहीं आ पाए उन्होंने शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में उपस्थित दर्ज करवरकर रैली के संदर्भ में डोटासरा से आवश्यक दिशा निर्देश लिए द्य डोटासरा पिछले कुछ दिनों से नियमित रूप से प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में बैठकर 14 दिसंबर की इस रैली को ऐतिहासिक बनाने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहे डोटासरा ने कहा भी है कि राजस्थान से करीब 50000 कांग्रेस जन इस रैली में हिस्सा लेने के लिए जाएंगे और रैली की व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए पार्टी के विधायकों पार्टी के पूर्व विधायकों पार्टी के विधानसभा प्रत्याशियों और पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं को जिम्मेदारी सुनिश्चित कर दी है और इस रैली को लेकर प्रदेश कांग्रेस के छोटे-बड़े सभी नेता काफी उत्साहित हैं उल्लेखनीय है कि मतदाता गहन पुर्ननि रीक्षण प्रक्रिया पर कांग्रेस पार्टी शुरू से ही सवाल खड़े कर रही है कांग्रेस पार्टी का आरोप है कि चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी के दबाव में आकर कांग्रेस पार्टी के समर्थित मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटा रही है बिहार में जब मतदाता सूची शुद्धिकरण का कार्य हुआ था उस समय भी राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के तमाम नेताओं ने मतदाता सूची शुद्धिकरण के कार्य का विरोध किया था और कहा था कि बिहार में जानबूझकर बड़ी संख्या में लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए इसके बाद राहुल गांधी ने हरियाणा में भी इसी तरह से वोट चोरी का मुद्दा उठाया था इसलिए इस मुद्दे को लेकर अब कांग्रेस पार्टी सड़कों पर उतरने के लिए एक बड़ा प्लान तैयार करने जा रही है इसी प्लान के तहत 14 दिसंबर को इस रैली का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आगे की आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी तथा 14 दिसंबर को ही कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात करके उन्हें वोट चोरी के संदर्भ में और मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण के कार्य की प्रक्रिया को लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करवाएगी इस संदर्भ में कांग्रेस पार्टी राष्ट्रपति को ज्ञापन भी देगी ज्ञापन के दौरान ही कांग्रेस पार्टी ने वोट चोरी को लेकर देश भर में हस्ताक्षर अभियान को संपादित किया था तो देशभर में लोगों की ओर से किए गए हस्ताक्षरों के दस्तावेज भी राष्ट्रपति को ज्ञापन के साथ प्रस्तुत किए जाएंगे ।

## मुख्यमंत्री मेरे पद की नहीं, खुद के पद की चिंता करें न जाने कब पर्ची बदल जाएगी : जूली

### अंबेडकर जयंती पर यह पहली बार हुआ जब सरकार ने अंबेडकर सर्किल पर कार्यक्रम आयोजित नहीं किया गया और ना ही वहां सफाई की गई

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने शनिवार को राजस्थान कांग्रेस



कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि आजकल मुख्यमंत्री मेरे बारे में भी टीका टिप्पणी करते हैं और कह रहे थे कि मैं अपना पद बचाने का प्रयास कर रहा हूं जूली ने कहा कि मुख्यमंत्री मेरे पद की चिंता नहीं करें उन्हें अपने पद की चिंता करनी चाहिए ना जाने कब उनकी पर्ची बदल जाए टीकाराम जूली ने भजनलाल शर्मा के शार्ट नाम बी एल एस की व्याख्या करते हुए कहा कि बि एल एस का मतलब बेसलेस स्टेटमेंट उन्होंने कहा कि सरकार सिर्फ बेसलेस स्टेटमेंट जारी कर रही है इसके अलावा और कुछ कार्य नहीं कर रही उन्होंने कहा कि जैसे ही प्रदेश में सरकार बदली सरकार बदलते ही प्रदेश में यह पहली बार देखने को मिला जब नई सरकार ने पिछली सरकार के सभी क्षेत्रों में चल रहे कार्यों को उस स्टेप पर ही रोकने के आदेश जारी कर दिए जिसकी वजह से अगर कहीं पर सड़क निर्माण का कार्य चल रहा था तो वह कार्य उस पोजीशन में ही रोक देना पड़ा इसी तरह से हर क्षेत्र में सरकार ने पिछली सरकार के सभी कार्यों को रुकवा दिया यह राजस्थान के इतिहास में पहली बार हुआ उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कभी मेरे बारे में और कभी डोटासरा के बारे में बयान देते रहते हैं उन्हें यह बयान बाजी बंद करके राजस्थान की जनता के हितों की रक्षा करनी चाहिए उन्होंने कहा कि मैं और डोटासरा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ता हैं कांग्रेस पार्टी जो भी जिम्मेदारी हमें देगी उसे हम निभाएंगे हम अपनी मेहनत से इस मुकाम पर पहुंचे हैं और पार्टी हमें पद देवी तब भी हम कार्य करेंगे और अगर पार्टी हमें पद नहीं देगी तब भी हम काम करेंगे क्योंकि हम दोनों ही पार्टी के सच्चे सिपाही हैं प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि पूरा देश आज बाबा भीमराव अंबेडकर महापरिनिर्वाण दिवस मान रहा है लेकिन राजस्थान के इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब अंबेडकर की पुण्यतिथि पर जयपुर के अंबेडकर सर्किल पर सामाजिक न्याय विभाग की ओर से कार्यक्रम का आयोजन नहीं किया गया उन्होंने कहा कि अब से पहले हर सरकार ने यहां पर सरकारी कार्यक्रम का आयोजन किया लेकिन इस बार सरकारी कार्यक्रम के आयोजन की छोड़िए अंबेडकर सर्किल पर सफाई तक नहीं की गई उन्होंने कहा कि यह एक तरह से अंबेडकर जी का अपमान है जूली ने कहा कि बाबा डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने संविधान का निर्माण किया यह ऐतिहासिक कार्य था लेकिन भारतीय जनता पार्टी की सरकार में संविधान का ही अपमान हो रहा है एक तरफ जहां निर्धारित कार्यकाल पूरा नहीं होने पर पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव नहीं करवा कर संविधान का अपमान किया जा रहा है तो दूसरी तरफ मतदाता गहन पुन निरीक्षण कार्यक्रम के तहत जानबूझकर गरीब मजदूर प्रवासी घुमंतु परिवारों के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाकर उन्हें मतदान से वंचित किया जा रहा है यह भी एक तरीके से अंबेडकर जी का अपमान है क्योंकि अंबेडकर जी ने ही संविधान का निर्माण किया था और संविधान में हर भारतीय को मत देने का अधिकार है ।

## पैंथर के आवासीय कॉलोनी में घुसपैठ को रोकने के लिए वन विभाग का बड़ा एक्शन प्लान

### पैंथर को जी. एस. एम. कॉलर से जोड़ा जाएगा, वन विभाग की पांच टीम शहर में अलग-अलग इलाकों में कर रही है गस्त



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)** राजधानी जयपुर में पिछले कुछ महीनो से लगातार पैंथर के जंगल से निकलकर आवासीय कॉलोनी में घुसपैठ करने को लेकर वन विभाग पूरी तरह से अलर्ट मोड पर आ गया है पैंथर के मोमेंट को रोकने के लिए और पैंथर की लोकेशन की गतिविधि पर नजर रखने के लिए अब वन विभाग की ओर से पैंथर को जी. एस.एम. कॉलर से जोड़ा जाएगा और प्रत्येक पैंथर के इस जी एसएम कॉलर का कनेक्ट वन विभाग के अलग-अलग अधिकारी के मोबाइल फोन से कनेक्ट किया जाएगा जिसकी वजह से प्रत्येक पैंथर की लोकेशन और मोमेंट के बारे में एक निश्चित अवधि में संबंधित अधिकारी को पूरी जानकारी मिलती रहेगी और जो भी पैंथर जंगल से निकलकर ज्यादा आवासीय बस्तियों में घुसने का प्रयास करता है उसको अब अन्य सफारी में स्विफ्ट करने की योजना के बारे में भी वन विभाग गंभीरता से सोच रहा है जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीनो में जयपुर के अलग-अलग इलाकों में पैंथर का मूवमेंट देखने को मिला जिसकी वजह से शहर के लोगों में अब पैंथर को लेकर हमेशा टेंशन छाई रहती है झालाना की डूंगरी नाहरगढ़ इत्यादि के जंगल से निकालकर पैंथर आसपास के इलाके की आवासीय कॉलोनी में देखे गए हैं पिछले दिनों जयपुर के अति विशिष्ट सी स्कीम इलाके जहां पर मुख्यमंत्री राजभवन और राज्य मंत्रिमंडल के सदस्यों के बंगले होते हैं वहां भी जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत के आवास पर पैंथर का मूवमेंट देखा गया था उसके बाद पानी पेज चांदपोल इलाके में भी पैंथर का मूवमेंट देखा गया इससे पहले दुर्गापुर में पूर्व सांसद रामचरण बोहरा के मकान के आसपास भी पैंथर का मूवमेंट देखा गया इस तरह से पिछले कुछ महीनो से पैंथर लगातार जयपुर के विभिन्न आवासीय इलाकों में नजर आ रहा है इसलिए वन विभाग अब पैंथर के मूवमेंट को रोकने के लिए नई एक्शन प्लान के तहत कार्य कर रहा है जिसमें वन विभाग की पांच अलग-अलग टीम बनाई गई है जो रात्रि के समय अलग-अलग इलाकों में चौकसी पर तैनात रहती है इसके अलावा प्रत्येक पैंथर के जी एसएम कॉलर स्थापित किया जाएगा जिसकी वजह से पैंथर के गतिविधि के बारे में अधिकारियों को लगातार जानकारी मिलती रहेगी और इस कार्य में अधिकारियों के पास यह अपडेट भी आएगा कि इतने दिनों में इस पैंथर ने सबसे ज्यादा जंगल से निकलकर आवासीय बस्तियों में घुसने का प्रयास किया इस तरह के पैंथर को चिन्हित करके उसे फिर दूसरे सफारी में शिफ्ट भी किए जाने के बारे में वन विभाग ने करीब करीब निर्णय ले लिया है इस तरह से अब वन विभाग जयपुर के लोगों की तकलीफ और पीड़ा को दूर करने के लिए पूरी तैयारी से पैंथर के मूवमेंट को रोकने में जुट गया है ।

# जवाहर सर्किल गिरधार मार्ग पर पांच मंजिला भवन में क्रैक से मचा हड़काम, पुलिस प्रशासन जेडीए के अधिकारी मौके पर पहुंचे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजधानी जयपुर में जवाहर सर्किल के पास गिरधार मार्ग पर शनिवार को पांच मंजिला भवन में क्रेक होने की वजह से आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों में दहशत छा गई सूचना मिलने के बाद पुलिस प्रशासन जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे हैं यह बिल्डिंग एक साइड से झुकने लगी है जिसकी वजह से इस बिल्डिंग के गिरने के पूरे चांस है इसीलिए प्रशासन ने मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं तथा आसपास के इलाके के लोगों को सुरक्षित स्थान पर चले जाने को भी कहा गया है पुलिस ने इस बिल्डिंग के आसपास के पूरे इलाके में बैरिकेट्स लगाकर इलाके को खाली करवा दिया है ताकि बिल्डिंग गिरने की वजह से किसी को किसी भी तरह का कोई नुकसान नहीं हो स्थानीय लोगों ने मौके पर गए पत्रकारों को बताया कि इस भवन का निर्माण कार्य करीब पिछले 8 महीना से जारी है लेकिन अब से पहले कभी भी भवन इस तरह से झुका हुआ दिखाई नहीं दिया लेकिन शनिवार को भवन के बेसमेंट में निर्माण कार्य शुरू किया गया था जिसकी वजह से यह भवन क्रेक हो गया और भवन का एक हिस्सा झुकने लगा खबर लिखे जाने तक भवन के ऑनर के बारे में भी जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाई मौके पर गए जयपुर विकास प्राधिकरण नगर निगम जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी भवन का निर्माण करने वाले व्यक्ति के बारे में पूछताछ करते हुए दिखाई दिए हालांकि मौके पर गए पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भवन के सपोर्ट लगाकर भवन को अचानक गिरने से बचने का प्रयास किया जा रहा है लेकिन भवन के आसपास के मकानों को जरूर इस बिल्डिंग से खतरा हो गया है इसलिए आसपास के मकान वाले मकान खाली करके फिलहाल दूसरी जगह शिफ्ट हो रहे हैं पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने भी उन्हें अलर्ट रहने को कहा है इसलिए भवन के आसपास के इलाके में रहने वाले लोग अपने मकान खाली करते हुए भी दिखे क्योंकि यह भवन जिस तरह से अचानक झुका है उससे भवन के गिरने की पूरी संभावना बन गई है यह भवन नियम और कानून के मुताबिक तैयार हो रहा था या नहीं इसके बारे में भी किसी के पास कोई जवाब नहीं है हालांकि जिस तरह से पिछले 8 महीना से इस भवन के निर्माण का कार्य शुरू होने की बात कही जा रही है उसको देखते हुए यह तो तय है कि संबंधित जयपुर विकास प्राधिकरण और नगर निगम के अधिकारियों को इस भवन के निर्माण के बारे में जानकारी तो थी अब यह जांच का विषय है कि पांच मंजिला भवन के लिए जयपुर विकास प्राधिकरण या नगर निगम से मंजूरी ली गई थी या नहीं और शनिवार को जिस तरह से आसपास के लोग भवन के बेसमेंट में निर्माण कार्य और खोदने की बात बता रहे हैं तो क्या इसके लिए नगर निगम प्रशासन से या जेडीए से अनुमति ली गई या नहीं इन तमाम सवालों के फिलहाल जवाब आने बाकी हैं लेकिन इस बिल्डिंग को लेकर आसपास के इलाके में रहने वाले लोगों के चेहरों पर चिंता की लकीर साफ देखीगई जानकारी के अनुसार जवाहर सर्किल इलाके में गिरधार मार्ग पर स्थित यह भवन आवासीय इलाके में स्थित है इसलिए आसपास के इलाके में मकान बने हुए हैं अब अगर यह बिल्डिंग अचानक गिरती है तो निश्चित रूप से व्यापक तौर पर नुकसान भी हो सकता है इसीलिए पुलिस ने आसपास के इलाके में सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध कर दिए हैं और इलाके को पूरी तरह से खाली करवा लिया है ताकि बिल्डिंग के गिरने पर जनहानि नहीं हो बताया जा रहा है कि फिलहाल पुलिस और प्रशासन मकान का निर्माण कर रहे व्यक्ति से संपर्क करने का प्रयास कर रही है और अगर यह व्यक्ति नहीं मिलता है तो फिर हो सकता है सुरक्षा व्यवस्था को देखते ही है प्रशासन खुद ही इस बिल्डिंग को गिराने का निर्णय ले ले ।

## संजीव-नी।

संवेदना और प्रकृति
नदीया बोली बहते रहो,
पहाड़ बोला डटे रहो,
पेड़ बोले जुड़े रहो,
फूल बोले मुस्कुराते रहो।

हवा ने कानों को सहलाया
मन निष्ठुर मत होना।

ओस की बूंद बोल उठी
नरमी में भी ताक़त होती है।
लता ने वृक्ष के कंधों पर बाँह रखी
संग रहना ही है जीवन।

नदी का पानी चहक उठा
दर्द बह जाए,
पानी की धारा के संग।

पहाड़ की चोटी से आवाज आई
खामोशी भी है साहस।

पत्ते झरते हुए फुसफुसाए
जुदाई अंत नहीं, है शुरुआत।

धरती ने दोनों हथेलियाँ फैलाकर कहा प्रेम ही
मनुष्य की है असली पहचान।

प्रकृति हर पल सिखाती
जो महसूस हो जाए,
वही संवेदना है।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,**

# आतंकवाद की नई परिभाषा गढ़ते तालिबान पाकिस्तान

*पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान शासन ने उन आतंकवादी समूहों को पनाह दी जिन्होंने खुद पाकिस्तान की सेना व आम नागरिकों को निशाना बनाया। उनकी मांग यह है कि तालिबान उन समूहों को खदेड़े, या उन्हें समाप्त करने की ठोस कार्रवाई करें। क्योंकि, पाकिस्तान का कहना है, 'जो भी उन्हें पनाह देता है, उकसाता है या फंड करता है, वह हमारे लोगों का मित्र नहीं हो सकता।? तालिबान के लिए जिसे अब काबुल में सत्ता मिली है ।यह कहना आसान हो सकता है कि 'वे अपने देश के अंदर सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेंगे '। लेकिन उस रक्षा की भी कीमत चुकानी पड़ी है। जब पाकिस्तान ने उत्तर वजीरिस्तान और कुर्म बार्डर क्षेत्र में...*



संजीव ठाकुर, लेखक
चिंतक, स्तंभकार, वरिष्ठ पत्रकार, रायपुर छत्तीसगढ़, 9009 415 415,

पाकिस्तान तालिबान आमने-सामने। तब जब तालिबान और पाकिस्तान एक-साथ मिलकर, अमेरिका व पश्चिम समर्थित अफगानी शासन के खिलाफ संघर्ष में थे। तब आतंकवाद, संगठित विद्रोह, और पनाह-गाह का एक साझा मंच था। उस संघर्ष का मकसद स्पष्ट था अफगानिस्तान में तालिबानी शासन स्थापित करना, और क्षेत्रीय देश अपने स्वार्थ साधना। पाकिस्तान ने अपने हितों के तहत तालिबान और उनसे जुड़े संगठनों को संरक्षण दिया था। कई आतंकी समूह चाहे वे तालिबान के ही हों या बहु-संगठित भारत, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, और मध्य एशिया में सक्रिय रहे लेकिन वक्त और हालात बदल गए। पहले जिस तालमेल को आतंकवाद की साझा पहचान ने जोड़ा था, अब वही लहू-खून और घात-छिपा युद्ध का कारण बन गया है। पिछले महीनों में सीमा पार कई हिंसक हमले हुए। कथित आतंकवादी संगठनों ने पाकिस्तान की सुरक्षाबलों पर हमले बढ़ा दिए। पाकिस्तान का आरोप है कि ये हमले विशेषकर उन संगठनों द्वारा अफगानिस्तान की जमीन से संचालित हो रहे हैं। हाल ही में, पाकिस्तान ने स्पष्ट रूप से चेतावनी दी कि अगर बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए), टीटीपी या अन्य प्रतिबंधित समूहों के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई, तो अफगानिस्तान के शासन और तालिबान दोनों को दुश्मन माना जाएगा। दूसरी ओर, तालिबान भी खामोश नहीं रहा। उसने पाकिस्तान द्वारा अफगानिस्तान में कथित हवाई हमलों जिनमें मासूमों की मौत हुई को 'अभियान ', 'सैन्य घुसपैठ ', और 'सरहद उल्लंघन' करार दिया। तालिबान के एक मंत्री ने पाकिस्तान की रक्षा नीति को चुनौती देते हुए, उसे 'कायर दुश्मन' कहा और चेतावनी दी कि इस तरह की हरकतों का जवाब दिया जाएगा। यही नाजुक संतुलन जो कभी साझा थे अब क्लेश, वियोग, और परस्पर अविश्वास में बदल गया है। पाकिस्तान का कहना है कि तालिबान शासन ने उन आतंकवादी समूहों को पनाह दी जिन्होंने खुद पाकिस्तान की सेना व आम नागरिकों को निशाना बनाया। उनकी मांग यह है कि तालिबान उन समूहों को खदेड़े, या उन्हें समाप्त करने की ठोस कार्रवाई करें। क्योंकि, पाकिस्तान का कहना है, 'जो भी उन्हें पनाह देता है, उकसाता है या फंड करता है, वह हमारे लोगों का मित्र नहीं हो सकता।? तालिबान के लिए जिसे अब काबुल में सत्ता मिली है ।यह कहना आसान हो सकता है कि 'वे अपने देश के अंदर सीमाओं और नागरिकों की रक्षा करेंगे '। लेकिन उस रक्षा की भी कीमत चुकानी पड़ी है। जब पाकिस्तान ने उत्तर वजीरिस्तान और कुर्म बार्डर क्षेत्र में आतंकवादियों के ठिकानों पर हवाई और थल हमले किए, तालिबान ने जवाबी कार्रवाई की धमकी दी।

इस बदलते परिदृश्य को यदि हम तत्कालीन इतिहास से जोड़कर देखें: 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान में फिर सत्ता सँभाली, पाकिस्तान की उम्मीदें बहुत थीं कि तालिबान न सिर्फ अफगान, बल्कि क्षेत्रीय संतुलन में पाकिस्तान का साथ देगा। विशेष रूप से, भारत-पाकिस्तान कश्मीर के मसलों में तालिबान को पाकिस्तान का साथी बनाने की कवायद थी। लेकिन वह उम्मीद धरी की धरी रह गई। न तो तालिबान ने कश्मीर पर पाकिस्तान की किसी पुरज़ोर रणनीति का वादा निभाया, न ही भारत-विरोधी स्पष्ट राजनीतिक रुख अपनाया।

अब, जब तालिबान स्वयं आतंकवादियों के जिनमें टीटीपी, बीएलए आदि शामिल खिलाफ कार्रवाई में रुचि नहीं दिखा रहे, या दिखा भी रहे हो, पर कार्रवाई ठोस नहीं है, पाकिस्तान की नाराज़गी बढ़ने लगी। और इस नाखुशी की आंच से दोनों पूर्व मित्र अब आपस में तलवारें खिंचने लगे हैं।

इस विस्तृत परिप्रेक्ष्य में जहाँ दोनों ही पक्षों ने कभी आतंकवाद को पनाह दी, सहारा दिया आज विरासत खतरनाक है: अस्थिरता, अविश्वास, सीमा पर गोलीबारी, नागरिकों की जान और क्षेत्रीय राज-नैतिक असंतुलन। भारत के लिए, यह संघर्ष सिर्फ एक सीमापार झड़प नहीं बल्कि एक व्यापक सुरक्षा, भू-राजनीति और कूटनीति का चेहरा है। क्योंकि जब पाक तालिबान जैसी शक्तियाँ आपस में झड़ रही हों, तो आतंकवाद का जाल और जटिल हो जाता है चाहे वह कश्मीर हो या पंजाब, चाहे भारत की सीमाएँ हों या मध्य एशिया का विस्तार।

इसलिए, अब यह कहना लाजिमी हो गया है कि 'आतंकवादियों को पनाह देने' वाले देशों चाहे कभी मित्र रहे हों का अंत निश्चित था। और वह अंत सिर्फ उनकी अपूर्णीय साझेदारी का ही नहीं, बल्कि उस साझेदारी के दायित्वों, कूटनीतिक दावों और सुरक्षा प्रणालियों की विफलता का प्रतीक है।

आज, पाकिस्तान राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तीनों मोर्चों पर अस्थिरता से गुजर रहा है। उसकी सेना, उसकी सीमाएँ, उसका भरोसा सब कुछ सवालों पर है। एक अस्थायी, गठबंधन-सरकार की राजनीतिक कमजोरी, आर्थिक संकट, और बढ़ती आंतरिक असुरक्षा इन सबके बीच तालिबान का विरोध उस संकट को और गहरा कर रहा है।

इस पाशविक युग में, आतंकवाद जो कभी साझा उद्देश्य था अब दोनों के लिए भड़की हुई आग बन गया है। क्योंकि आतंकवादी कभी अपने चरित्र को नहीं भूलते और इस आग में, सीमाएँ नहीं इंसान, जन-जीवन, राज-नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा जलती है।

इसलिए, यह वक्त सिर्फ सामरिक भूल-चूक की नहीं, बल्कि नैतिक पुनर्मूल्यांकन का भी है। आतंकवाद के प्रतीक बने देशों की पहचान मुड़ चुकी है अब वे केवल स्वयं को बचाने की होड़ में हैं।

भारत के लिए, यह अवसर है न सिर्फ सुरक्षा की तैयारी करने का, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर यह संकेत देने का कि आतंकवाद केवल एक देश या संगठन का नहीं, बल्कि एक वैश्विक समस्या है जिसकी जड़ें साझा हैं। क्योंकि आतंकवादियों के खिलाफ गठबंधन, सिर्फ युद्ध की रणनीति नहीं एक नैतिक और वैचारिक लड़ाई है। और जब दो पूर्व सहयोगी, आपस में संघर्षरत हों तब असली जीत उस विचार की होगी जो आतंकवाद की पनाह-गाहों को मिटा दे, और मानवीय सुरक्षा, कूटनीतिक स्थिरता व क्षेत्रीय शांति को प्राथमिकता दे।

# बचपन की ऑनलाइन बंदी: सुधा मूर्ति जी की चेतावनी



प्रो. आरके जैन 'अरिजीत ', बड़वानी (मप्र)

कभी-कभी समाज को झकझोरने के लिए सिर्फ एक आवाज़ काफी होती है, और इस बार वह आवाज़ राज्यसभा में गूंजी, जब सुधा मूर्ति जी ने बच्चों के डिजिटल शोषण पर सवाल उठाया। उनका वक्तव्य सिर्फ टिप्पणी नहीं था, बल्कि चेतावनी की तरह था जो हमें आईने के सामने खड़ा कर देती है। ऐसे समय में, जब सोशल मीडिया हमारे विचारों और आदतों पर हावी है, यह प्रश्न जरूरी हो गया था कि क्या हम अपने बच्चों को 'कंटेंट' बनाकर उनकी मासूमियत, स्वतंत्रता और बचपन कुर्बान कर रहे हैं? यह मुद्दा अब केवल संसद तक सीमित नहीं, बल्कि हर घर, हर परिवार और हर अभिभावक की दहलीज़ पर दस्तक दे रहा है। आज की डिजिटल दुनिया में 'किडफ्लुएंसर' का उभार जितना आकर्षक लगता है, उतना ही भीतर से चुनौतीपूर्ण और चिंताजनक है। माता-पिता अपने बच्चों को सजाकर, नचाकर, नृत्य कराकर और उत्पादों का प्रचार कराकर लाखों फॉलोअर्स और आर्थिक लाभ जुटाने में लगे रहते हैं। कैमरे के सामने मुस्कुराते ये बच्चे जितने प्यारे दिखते हैं, उतनी ही गहरी चिंता उनके मानसिक और भावनात्मक विकास को लेकर होती है। यह दृश्य भले ही चमकदार और खुशहाल लगे, लेकिन असल में यह शोषण का नया रूप है—जहां बचपन अब 'लाइक' और 'व्यूज़' की आर्थिक कीमत से मापा जाने लगा है। इस चमक-दमक की दुनिया का सबसे गहरा और खतरनाक असर बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। लगातार परफॉर्म करने का दबाव, माता-पिता की उम्मीदें, ट्रोलिंग और तुलना—ये सब मिलकर बच्चों को तनाव, चिंता और आत्म-पहचान के संकट की ओर धकेलते हैं। जब किसी बच्चे को यह समझ नहीं होता कि उसे क्यों फिल्माया जा रहा है या उसके वीडियो क्यों वायरल हो रहे हैं, तब भी वह अनजाने में एक ऐसे वातावरण का हिस्सा बन जाता है, जहां उसकी मासूमियत, भावनाएँ और निजता उत्पाद की तरह इस्तेमाल होने लगती हैं। स्थिति और भी गंभीर हो जाती है, जब बच्चों के खेलने, सीखने और सामाजिक कौशल विकसित करने का समय कैमरे और शूटिंग द्वारा घिर जाता है। वह उम्र, जो खुली हवा में दौड़ने, दोस्तों के साथ खेलने और अपनी कल्पनाओं को उड़ान देने के लिए होती है, अब कंटेंट कैलेंडर और शूट शेड्यूल में उलझती जा रही है। कई बच्चे यह मानने लगते हैं कि उनकी असली पहचान वही है जो सोशल मीडिया पर दिखाई देती है—और यह संकेत है कि वास्तविकता और डिजिटल छवि के बीच खाई बढ़ने लगी है। दूसरे देशों की तरह भारत में बच्चों की डिजिटल सुरक्षा को लेकर अभी तक कोई व्यापक और ठोस कानून मौजूद नहीं है। फ्रांस जैसे देशों में बच्चों के ऑनलाइन काम के घंटे नियोजित हैं, उनकी कमाई पर सख्त निगरानी है, और 15-16 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए विशेष सुरक्षा नियम लागू हैं। ये मॉडल स्पष्ट रूप से दिखाते हैं कि विकसित समाज बच्चों को 'डिजिटल श्रम' और शोषण से बचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। इसके विपरीत, भारत में लाखों परिवारों के बच्चे सोशल मीडिया पर एक 'ब्रांड' की तरह प्रस्तुत किए जा रहे हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा का कोई ठोस ढांचा नहीं है। यह समस्या केवल बच्चों तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे समाज की नींव को प्रभावित करती है। जब माता-पिता अपने बच्चों को व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर रखते हैं, तो अनजाने में सामाजिक असमानता भी बढ़ती है। संपन्न परिवारों के बच्चे स्टार बन जाते हैं, जबकि अन्य केवल दर्शक बने रहते हैं। इससे बच्चों में ईर्ष्या, अवसाद और असंतोष की भावनाएँ पैदा होती हैं, और सफलता की गलत परिभाषा स्थापित होती है—जहां पढ़ाई, खेल या रचनात्मक कौशल नहीं, बल्कि 'फ़ॉलोअर्स' और 'लाइक' को उपलब्धि माना जाने लगता है। साथ ही, बच्चों की निजता पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। इंटरनेट पर डाली गई एक तस्वीर या वीडियो हमेशा के लिए वहां बनी रहती है, और भविष्य में साइबर बुलिंग, पहचान चोरी या अन्य अनुचित उपयोग की संभावनाएँ बढ़ जाती हैं। यह खतरा लड़कियों के लिए और भी गहरा है, क्योंकि डिजिटल दुनिया में उनका मार्ग तेजी से जटिल होता जा रहा है। सोचकर ही सिहरन होती है कि एक मासूम बच्ची की ऑनलाइन उपस्थिति का नियंत्रण उसके अपने हाथों में नहीं, बल्कि किसी और के आर्थिक हितों में बंधा है। सुधा मूर्ति जी का तर्क बिल्कुल स्पष्ट और गंभीर है कि बच्चे अनुमति नहीं दे सकते, वे व्यावसायिक परिणाम को समझने में सक्षम नहीं हैं और अपने अधिकारों की रक्षा खुद नहीं कर सकते। यही कारण है कि यह जिम्मेदारी सिर्फ माता-पिता की नहीं, बल्कि पूरे समाज और सरकार की है कि वे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षित विकास और भविष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। भारत जैसे देश में, जहां बच्चे परिवार की अमूल्य धरोहर माने जाते हैं, उनका व्यावसायिक इस्तेमाल न केवल व्यक्तिगत हानि है, बल्कि हमारी सांस्कृतिक और नैतिक जड़ों को भी कमजोर करता है। आज की जरूरत है कि भारत एक व्यापक राष्ट्रीय नीति बनाए, जो बच्चों की सोशल मीडिया उपस्थिति को स्पष्ट और प्रभावी रूप से नियंत्रित करे। इसमें उम्र सीमा, अभिभावकीय सहमति, बच्चों की कमाई और काम के घंटों पर कड़ाई, डिजिटल गोपनीयता और व्यावसायिक मुद्रीकरण पर सख्त प्रतिबंध जैसे कदम शामिल होने चाहिए। जैसे विज्ञापनों में बच्चों के उपयोग को लेकर नियम बनाए गए हैं, उसी तरह सोशल मीडिया पर भी कानूनी ढांचा तैयार करना अब अपरिहार्य हो गया है। यह बहस अब संसद तक सीमित नहीं रह सकती। विशेषज्ञों, मनोवैज्ञानिकों, शिक्षकों, तकनीक कंपनियों और अभिभावकों को मिलकर बच्चों के लिए एक सुरक्षित और संतुलित डिजिटल भविष्य की दिशा तय करनी होगी। हमें स्पष्ट करना होगा कि बच्चे केवल 'कंटेंट' नहीं हैं—वे संवेदनशील, जिज्ञासु और भावनात्मक प्राणी हैं, जिनके सपने, अधिकार और भावनाएँ किसी भी डिजिटल मंच से कहीं अधिक मूल्यवान हैं। यदि हम अभी कदम नहीं उठाए, तो आने वाली पीढ़ियाँ हमसे पूछेंगी कि हमने उनके बचपन को क्यों बाजार के हवाले कर दिया। सुधा मूर्ति की आवाज़ दरअसल हमारी चेतना को जगाने का अवसर है—हमें याद दिलाने का कि तकनीक तभी प्रगति है जब वह मानवीय मूल्यों और नैतिकता के साथ संतुलित हो। बच्चों को इस डिजिटल चमक-दमक से मुक्त कर हम न केवल उन्हें सुरक्षित और संपूर्ण विकास का अवसर दे सकते हैं, बल्कि एक मजबूत, संवेदनशील और मूल्यवान समाज का निर्माण भी कर सकते हैं। अब समय आ गया है कि यह बदलाव संसद से सड़क तक, और सड़क से हर घर तक पहुंचे—क्योंकि बच्चों की सुरक्षा और उनका बचपन ही किसी सभ्यता की असली पहचान और उसकी प्रगति की असली कसौटी है।

# सर्दियों में जोड़ों का दर्द क्यों बढ़ जाता है: राहत के लिए सुझाव

गठिया और जोड़ों की परेशानियों से जूझ रहे लोगों के लिए ठंड का समय मुश्किल भरा होता है। पुरानी चोट और जोड़ के दर्द भी इस समय सिर उठाने लगते हैं। इससे पहले कि जोड़ ज्यादा दुखने लगें, जीवनचर्या में कौन से सुधार करने जरूरी हैं, बता रहे हैं डॉ केसर चौधरी- आमतौर पर जोड़ों में दर्द का प्रमुख कारण आर्थ्राइटिस (गठिया) होता है। ठंड के कारण जोड़ों की धमनियां (आर्टिरीज) सिकुड़ जाती हैं। धमनियों के सिकुड़ने से जोड़ों में रक्त का तापमान कम हो जाता है और रक्त संचार की प्रक्रिया समुचित रूप से संचालित नहीं होती। इसके परिणामस्वरूप जोड़ों में अकड़न होने लगती है और दर्द होने लगता है। ठंडे तापमान में मांसपेशियों में ऐंठन भी बढ़ जाती है। जोड़ों तक रक्त संचार समुचित न होने के कारण दर्द की समस्याएं और बढ़ जाती हैं।

**इन लोगों को ज्यादा है जोखिम-**

जिन्हें पहले से गठिया है, ठंड में उनकी समस्याएं कहीं ज्यादा बढ़ जाती हैं। वैसे गठिया के कई प्रकार हैं, लेकिन जो लोग ऑस्टियो आर्थ्राइटिस, रूमेटॉएड आर्थ्राइटिस, गाउटी आर्थ्राइटिस, ट्रॉमेटिक आर्थ्राइटिस और स्पाइनल आर्थ्राइटिस से पीड़ित हैं, उन्हें ठंड की शुरुआत से ही दर्द और सूजन परेशान करने लगते हैं। जुवेनाइल आर्थ्राइटिस से पीड़ित बच्चों में भी दर्द बढ़ जाता है। इसके अलावा, पहले कभी दुर्घटना में हड्डियां और लिगामेंट आदि क्षतिग्रस्त हुए हैं, तो उस स्थिति में भी इस मौसम में प्रभावित हिस्से में दर्द बढ़ जाता है। पहले जोड़ों की समस्याएं पचास के बाद ही देखने को मिलती थीं, पर अब दर्द व सूजन की समस्याएं कम उम्र के लोगों को भी अपना निशाना बना रही हैं। अस्वस्थ जीवनशैली और खानपान की गड़बड़ियां इसके मुख्य कारण हैं।

**ठंड में खास ध्यान दें-**



डॉ. केसर चौधरी
विभागाध्यक्ष -फिजियोथेरेपी
प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जयपुर (राजस्थान)

हाइड्रेटेड रहें : पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं। कम पानी जोड़ों के दर्द की समस्या को और बढ़ा देता है। रक्त संचार पर भी इसका असर पड़ता है। ठंड के बावजूद पानी व तरल पदार्थों के सेवन पर ध्यान दें।

ओमेगा -3 फैटी एसिड : यह एसिड जोड़ों में सूजन के स्तर को कम करने में फायदेमंद होता है। एवोकाडो, अलसी, अखरोट और मछली खाएं। ठंड में सूखे मेवे भी ज्यादा मात्रा में खाए जा सकते हैं।

सुबह की धूप : विटमिन-डी का एक अच्छा प्राकृतिक स्रोत है धूप। धूप में बैठने से जोड़ों के दर्द और सूजन में राहत मिलती है। कमर दर्द में भी लाभ मिलता है।

**ऐसे रखें घुटनों का ध्यान**

ऊंचीहील न पहनें

ऊंची हील के जूते या चप्पल पहनने से कमर सीधी नहीं रहती और इनसे एड़ियों, घुटनों, पिंडलियों और कूल्हों पर जोर पड़ता है। चोटिल होने का खतरा भी ज्यादा होता है। ठंड में छोटी-सी मोच या चोट भी ठीक होने में समय ज्यादा लेती है। सही साइज के फ्लैट जूते ही पहनें।

**मोटापे पर रखे नियंत्रण**

मोटापे का आकलन बॉडी मास इंडेक्स (बीएमआई) से किया जाता है। इसमें लंबाई और वजन का अनुपात देखा जाता है। पैरों और घुटनों के जोड़ों पर मोटापे का ज्यादा प्रभाव पड़ता है। ऐसा इसलिए, क्योंकि वजन जितना ज्यादा होगा, उसका भार पैरों और घुटनों पर उतना ही बढ़ेगा। इससे जोड़ों के कार्टिलेज घिसने लगते हैं। गठिया की समस्या बढ़ सकती है।

**सही पॉस्चर का ध्यान रखें**

रीढ़ की हड्डी को सही पॉस्चर में न रखना कालांतर में कमर दर्द की समस्या उत्पन्न कर सकता है और जाड़े के मौसम में यह समस्या कुछ ज्यादा ही बढ़ जाती है। कंधे झुका कर चलना या कमर को एक तरफ झुकाकर काम करना दर्द बढ़ाता है।

**दर्द से बचने के लिए इन बातों पर अमल करें:**

फिजियो-थेरेपिस्ट के बताए व्यायाम करें।
लेटकर बात न करें, टीवी न देखें। सीधे बैठकर काम करें।
सही फिटिंग वाले ऊनी वस्त्र पहनें।
**जोड़ों को ठंडी हवा से बचाएं।**
कंधों को झुकाकर न चलें।
झटके से वजन न उठाएं।
वार्म-अप के बाद ही व्यायाम करें। जोड़ों की समस्या रहने पर शारीरिक रूप से सक्रिय रहना बेहद जरूरी है। ठंड में भी पैदल चलने व सैर का रूटीन बनाए रखें।
ऑफिस में लगभग हर डेढ़ घंटे बाद अपनी सीट से पांच मिनट के लिए उठें। घूमें-फिरें।शरीर को स्ट्रेच करें।
समय-समय पर अपने फिजियोथेरेपिस्ट से संपर्क जरूर करें।

# कहानी- कफ़न

एक झोंपड़े के द्वार पर बाप और बेटा दोनों एक बुझे हुए अलाव के सामने चुपचाप बैठे हुए थे और अंदर बेटे की जवान बीवी बुधिया प्रसव-वेदना में पछाड़ खा रही थी। रह-रहकर उसके मुँह से ऐसी दिल हिला देने वाली आवाज़ निकलती थी, कि दोनों कलेजा थाम लेते थे। जाड़ों की रात थी, प्रकृति सन्नाटे में डूबी हुई, सारा गाँव अंधकार में लय हो गया था। घीसू ने कहा— 'मालूम होता है, बचेगी नहीं। सारा दिन दौड़ते हो गया, जा देख तो आ। '

माधव चिढ़कर बोला— 'मरना ही है तो जल्दी मर क्यों नहीं जाती? देखकर क्या करूँ? '

'तू बड़ा बेदर्द है बे! साल-भर जिसके साथ सुख-चैन से रहा, उसी के साथ इतनी बेवफ़ाई! '

'तो मुझसे तो उसका तड़पना और हाथ-पाँव पटकना नहीं देखा जाता। '

चमारों का कुनबा था और सारे गाँव में बदनाम। घीसू एक दिन काम करता तो तीन दिन आराम करता। माधव इतना कामचोर था कि आध घंटे काम करता तो घंटे भर चिलम पीता। इसलिए उन्हें कहीं मज़दूरी नहीं मिलती थी। घर में मुट्ठी-भर भी अनाज मौजूद हो, तो उनके लिए काम करने की क़सम थी। जब दो-चार फ़ाक़े हो जाते तो घीसू पेड़ पर चढ़कर लकड़ियाँ तोड़ लाता और माधव बाज़ार से बेच लाता और जब तक वह पैसे रहते, दोनों इधर-उधर मारे-मारे फिरते। गाँव में काम की कमी न थी। किसानों का गाँव था, मेहनती आदमी के लिए पचास काम थे। मगर इन दोनों को उसी वक़्त बुलाते, जब दो आदमियों से एक का काम पाकर भी संतोष कर लेने के सिवा और कोई चारा न होता। अगर दोनो साधु होते, तो उन्हें संतोष और धैर्य के लिए, संयम और नियम की बिलकुल ज़रूरत न होती। यह तो इनकी प्रकृति थी। विचित्र जीवन था इनका! घर में मिट्टी के दो-चार बर्तन के सिवा कोई संपत्ति नहीं। फटे चीथड़ों से अपनी नग्नता को ढाँके हुए जिए जाते थे। संसार की चिंताओं से मुक्त! क़र्ज़ से लदे हुए। गालियाँ भी खाते, मार भी खाते, मगर कोई ग़म नहीं। दीन इतने कि वसूली की बिलकुल आशा न रहने पर भी लोग इन्हें कुछ-न-कुछ क़र्ज़ दे देते थे। मटर, आलू की फ़सल में दूसरों के खेतों से मटर या आलू उखाड़ लाते और भून-भानकर खा लेते या दस-पाँच ऊख उखाड़ लाते और रात को चूसते। घीसू ने इसी आकाश-वृत्ति से साठ साल की उम्र काट दी और माधव भी सपूत बेटे की तरह बाप ही के पद-चिह्नों पर चल रहा था, बल्कि उसका नाम और भी उजागर कर रहा था। इस वक़्त भी दोनों अलाव के सामने बैठकर आलू भून रहे थे, जो कि किसी खेत से खोद लाए थे। घीसू की स्त्री का तो बहुत दिन हुए, देहांत हो गया था। माधव का ब्याह पिछले साल हुआ था। जब से यह औरत आई थी, उसने इस ख़ानदान में व्यवस्था की नींव डाली थी और इन दोनों बे-ग़ैरतों का दोज़ख़ भरती रहती थी। जब से वह आई, यह दोनों और भी आलसी और आरामतलब हो गए थे। बल्कि कुछ अकड़ने भी लगे थे। कोई कार्य करने को बुलाता, तो निर्ब्याज भाव से दुगुनी मज़दूरी माँगते। वही औरत आज प्रसव-वेदना से मर रही थी और यह दोनों इसी इंतज़ार में थे कि वह मर जाए, तो आराम से सोएँ।

घीसू ने आलू निकालकर छीलते हुए कहा— 'जाकर देख तो, क्या दशा है उसकी? चुड़ैल का फिसाद होगा, और क्या? यहाँ तो ओझा भी एक रुपया माँगता है! '

माधव को भय था, कि वह कोठरी में गया, तो घीसू आलुओं का बड़ा भाग साफ़ कर देगा। बोला- 'मुझे वहाँ जाते डर लगता है। '

'डर किस बात का है, मैं तो यहाँ हूँ ही। '

'तो तुम्हीं जाकर देखो न? '

'मेरी औरत जब मरी थी, तो मैं तीन दिन तक उसके पास से हिला तक नहीं था! और फिर मुझसे लजाएगी कि नहीं? जिसका कभी मुँह नहीं देखा, आज उसका उघड़ा हुआ बदन देखूँ! उसे तन की सुध भी तो न होगी? मुझे देख लेगी तो खुलकर हाथ-पाँव भी न पटक सकेगी! '

'मैं सोचता हूँ कोई बाल-बच्चा हो गया तो क्या होगा? सोंठ, गुड़, तेल, कुछ भी तो नहीं है घर में! '

'सब कुछ आ जाएगा। भगवान दें तो! जो लोग अभी एक पैसा नहीं दे रहे हैं, वे ही कल बुलाकर रुपए देंगे। मेरे नौ लड़के हुए, घर में कभी कुछ न था, मगर भगवान ने किसी-न-किसी तरह बेड़ा पार ही लगाया। '

जिस समाज में रात-दिन मेहनत करने वालों की हालत उनकी हालत से कुछ बहुत अच्छी न थी, और किसानों के मुक़ाबले में वे लोग, जो किसानों की दुर्बलताओं से लाभ उठाना जानते थे, कहीं ज़्यादा संपन्न थे, वहाँ इस तरह की मनोवृत्ति का पैदा हो जाना कोई अचरज की बात न थी। हम तो कहेंगे, घीसू किसानों से कहीं ज़्यादा विचारवान था और किसानों के विचार-शून्य समूह में शामिल होने के बदले बैठकबाज़ों की कुत्सित मंडली में जा मिला था। हाँ, उसमें यह शक्ति न थी, कि बैठकबाज़ों के नियम और नीति का पालन करता। इसलिए जहाँ उसकी मंडली के और लोग गाँव के सरगना और मुखिया बने हुए थे, उस पर सारा गाँव उँगली उठाता था। फिर भी उसे यह तसकीन तो थी ही कि अगर वह फटेहाल है तो कम-से-कम उसे किसानों की-सी जी-तोड़ मेहनत तो नहीं करनी पड़ती, और उसकी सरलता और निरीहता से दूसरे लोग बेजा फ़ायदा तो नहीं उठाते!

दोनों आलू निकाल-निकालकर जलते-जलते खाने लगे। कल से कुछ नहीं खाया था। इतना सब्र न था कि ठंडा हो जाने दें। कई बार दोनों की ज़बानें जल गईं। छिल जाने पर आलू का बाहरी हिस्सा ज़बान, हलक और तालू को जला देता था और उस अंगारे को मुँह में रखने से ज़्यादा ख़ैरियत इसी में थी कि वह अंदर पहुँच जाए। वहाँ उसे ठंडा करने के लिए काफ़ी सामान थे। इसलिए दोनों जल्द-जल्द निगल जाते। हालाँकि इस कोशिश में उनकी आँखों से आँसू निकल आते।

घीसू को उस वक़्त ठाकुर की बरात याद आई, जिसमें बीस साल पहले वह गया था। उस दावत में उसे जो तृप्ति मिली थी, वह उसके जीवन में एक याद रखने लायक़ बात थी, और आज भी उसकी याद ताज़ा थी, बोला— 'वह भोज नहीं भूलता। तब से फिर उस तरह का खाना और भरपेट नहीं मिला। लड़की वालों ने सबको भर पेट पूरियाँ खिलाई थीं, सबको! छोटे-बड़े सबने पूरियाँ खाईं और असली घी की! चटनी, रायता, तीन तरह के सूखे साग, एक रसेदार तरकारी, दही, चटनी, मिठाई, अब क्या बताऊँ कि उस भोज में क्या स्वाद मिला। कोई रोक-टोक नहीं थी, जो चीज़ चाहो, माँगो, जितना चाहो खाओ। लोगों ने ऐसा खाया, ऐसा खाया, कि किसी से पानी न पिया गया। मगर परोसने वाले हैं कि पत्तल में गर्म-गर्म, गोल-गोल सुवासित कचौरियाँ डाल देते हैं। मना करते हैं कि नहीं चाहिए, पत्तल पर हाथ रोके हुए हैं, मगर वह हैं कि दिए जाते हैं। और जब सबने मुँह धो लिया, तो पान-इलायची भी मिली। मगर मुझे पान लेने की कहाँ सुध थी? खड़ा हुआ न जाता था। चटपट जाकर अपने कंबल पर लेट गया। ऐसा दिल-दरियाव था वह ठाकुर! '

माधव ने इन पदार्थों का मन-ही-मन मज़ा लेते हुए कहा— 'अब हमें कोई ऐसा भोज नहीं खिलाता। '

'अब कोई क्या खिलाएगा? वह ज़माना दूसरा था। अब तो सबको किफ़ायत सूझती है। शादी-ब्याह में मत ख़र्च करो, क्रिया-कर्म में मत ख़र्च करो। पूछो, ग़रीबों का माल बटोर-बटोरकर कहाँ रखोगे? बटोरने में तो कमी नहीं है। हाँ, ख़र्च में किफ़ायत सूझती है! '

'तुमने एक बीस पूरियाँ खाई होंगी? '

'बीस से ज़ियादा खाई थीं! '

'मैं पचास खा जाता! '

'पचास से कम मैंने न खाई होंगी। अच्छा पका था। तू तो मेरा आधा भी नहीं है। '

आलू खाकर दोनों ने पानी पिया और वहीं अलाव के सामने अपनी धोतियाँ ओढ़कर पाँव पेट में डाले सो रहे। जैसे दो बड़े-बड़े अजगर गेंडुलियाँ मारे पड़े हों। और बुधिया अभी तक कराह रही थी।

दो सवेरे माधव ने कोठरी में जाकर देखा, तो उसकी स्त्री ठंडी हो गई थी। उसके मुँह पर मक्खियाँ भिनक रही थीं। पथराई हुई आँखें ऊपर टँगी हुई थीं।

## स्व. डॉ. सुनील जांदू की पुण्यतिथि में रक्तदान शिविर 7 दिसंबर को



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** स्व. डॉ. सुनील जांदू की तृतीय पुण्यतिथि में नेक सोच फाउंडेशन और एचडीएफसी बैंक द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर का आयोजन 7 दिसंबर रविवार को 9 बजे से उपजिला अस्पताल तारानगर में किया जाएगा। फाउंडेशन के हनुमान सामोता ने बताया की जांदू ने ब्लड की इस मुहिम को चालू किया था, युवाओं को रक्तदान के प्रति खूब जागरूक किया, इस मुहिम को जारी रखते हुए समय समय पर तारानगर के युवाओं द्वारा रक्तदान शिविर लगाया जाता है,जिसमें युवा खूब बढ़चढ़कर भाग लेते हैं। रक्तदान एक मानव सेवा का महान कार्य है समय समय पर रक्तदान करना चाहिए जिससे किसी को जीवन दान मिले और खुद का स्वास्थ्य भी अच्छा रहे।

## भावपूर्ण श्रदा के साथ मनाया बाबा साहेब का परि निर्वाण दिवस

### बाबा साहेब की स्टेच्यु पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब को किया नमन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** सविधान निर्माता बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस शनिवार को विश्वभर में मनाया तो वहीं तारानगर में भी भावपूर्ण श्रद्धा के साथ बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस मनाया गया। स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया सहित राजनैतिक पार्टियों व संगठनों ने अम्बेडकर सर्किल पर स्थित बाबा साहेब की स्टेच्यु पर माल्यार्पण कर बाबा साहेब को नमन किया। उपस्थित लोगों ने बाबा साहेब अमर रहे के जमकर नारे लगाये।। विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने सभी को बाबा साहेब के पदचिन्हो पर चलने का संदेश दिया। इस मोके पर पार्षद हरिसिंह बेनीवाल, नगर अध्यक्ष भागीरथ भामी, सहदेव सिँह भाटी, बाबू हुसैन कुरैशी, धनेश सैनी, प्रकाश मेघवाल, कांग्रेस नेता मुंशी खाँ तेली, पार्षद प्रतिनिधि मानसिंह सैनी, कुंदन सैनी, बुँदे खाँ लुहार, सेवादल अध्यक्ष दिनेश खंडेलवाल, अध्यापक मुरलीधर गहलोत, सुरजीत वर्मा, जीताराम जांदू, शीशपाल धीनवाल, दिनेश जांगिड़, सहित स्थानीय नागरिकगण मौजूद रहे।

## लापरवाही से जले घरेलू विद्युत उपकरण



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय रामगढ़िया धर्मशाला के पास आदर्श कॉलोनी वार्ड नं. 34 और 33 के प्वाइंट पर लापरवाही से अचानक हाई वोल्टेज हो गया। जिससे इलाके में घरेलू विद्युत उपकरण जल गए। पार्षद पंकज घासोलिया ने बताया कि एफआरटी के कर्मचारी ने रोड लाइट का स्विच वायर गलती से न्यूट्रल में जोड़ दिया गया था। इस तकनीकी गलती के कारण कई घरों में लगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से धुआं निकलने लगा और वे खराब हो गए। इस जगह स्थित एक ई-मित्र केंद्र में कंप्यूटर, प्रिंटर और अन्य उपकरण भी जल गए। घटना की सूचना मिलने पर जेईएन गौतम मौके पर पहुंचे और जानकारी ली। घटना से नाराज स्थानीय लोगों ने मौके पर ही संबंधितकर्मियों को घेर लिया और लोगों को हुए नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। लोगों का कहना है कि विभाग को जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई करनी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं दोबारा न हो। इस पर जेईएन गौतम ने कहा कि वो अधिकारियों को रिपोर्ट देंगे। पीड़ित लोगों ने डिस्कॉम के एईएन के नाम नुकसान का मुआवजा दिलाने को लेकर ज्ञापन भी भेजा है।

## 8 दिसंबर सोमवार को कांग्रेस का एसडीएम कार्यालय पर प्रदर्शन

### विभिन्न मांगों को लेकर एसडीएम को देंगे ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निसं.)** किसानों के एमएसपी पर खरीद के लिए जारी किये गए निरस्त कूपनो को पुनः जारी करने एवं पोर्टल दुबारा खोलने, खरीद केंदो पर किसानों की फ़सल मुंग व मुंगफली की खरीद करने एवं भालेरी पंचायत समिति में 70 किमी दूर के जोड़े गए गाँवों को हटाकर पुनः तारानगर पंचायत समिति में जोड़ने सहित विभिन्न मांगो को लेकर 8 दिसंबर सोमवार को तारानगर विधायक किसान नेता नरेन्द्र बुड़ानिया के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन दिया जाएगा। विधायक बुड़ानिया ने बताया कि सोमवार को हम सब किसान अपनी मांगो को लेकर पंचायत समिति कार्यालय से अपना विरोध प्रकट करते हुए एसडीएम कार्यालय पहुंचेंगे जहाँ एसडीएम को ज्ञापन देंगे।

## पाटन पुलिस ने बावरिया गैंग की महिला आरोपी को हनी ट्रेप मामले में किया गिरफ्तार

### पहले भी कई आरोपी गिरफ्तार हो चुके

जयपुर टाइम्स



**पाटन(निसं.)।** पाटन थाना पुलिस ने बावरिया गैंग के एक आरोपी को हनी ट्रेप के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपी ममता उर्फ नाथी, जो कि षड्यंत्र रचकर दुष्कर्म के झूठे आरोपों में फंसाने की धमकी देकर पैसे ऐंठने का काम करती थी, को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी उच्च अधिकारियों के निर्देशन और सख्त निगरानी में की गई। पाटन थानाधिकारी रमेश मीणा ने बताया कि मामला 21 नवंबर 2025 का है, जब परिवादी अनुज कुमार सैनी (उम्र 28) ने पुलिस थाना पाटन में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। परिवादी ने बताया कि आरोपी ममता निवासी खंडेला ने उसे फोन के जरिए बार-बार संपर्क किया और प्रेमजाल में फंसाकर उसे दुष्कर्म के मामले में फंसाने की धमकी दी। इसके बाद आरोपी ने परिवादी से दो लाख रुपये की मांग की। इस पर थाना पाटन पर प्रकरण संख्या 231/2024 दर्ज कर मामले की जांच शुरू की गई। पाटन पुलिस ने प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए वांछित आरोपी ममता उर्फ नाथी की तलाश तेज कर दी। पुलिस टीम ने आरोपी को जयपुर से पकड़कर पाटन लाया गया । आरोपी ममता ने पूछताछ में बताया कि वह पहले भी ऐसे कई लोगों को शिकार बना चुकी है, और उन लोगों से पैसे की मांग कर चुकी है। पाटन पुलिस द्वारा की गई इस गिरफ्तारी में पुलिस अधीक्षक महोदय जिला सीकर प्रवीण नायक नुनावत, और अति. पुलिस अधीक्षक नीमकाथाना लोकश मीणा का मार्गदर्शन रहा। इस सफलता पर पाटन पुलिस की टीम को उच्च अधिकारियों द्वारा सराहा गया। पुलिस ने कहा कि इस तरह के आपराधिक गतिविधियों में लिप्त आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही जारी रहेगी। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ममता उर्फ नाथी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है और मामले की आगे की जांच जारी है।

## गणेश मंदिर की आधारशिला रखी

जयपुर टाइम्स



**तारानगर(निस.)।** तारानगर के आथुणा मोहल्ला स्थित वार्ड 03 के करणावत चौक में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिँह राठौड़ की धर्म पत्नी चाँद कंवर के मुख्यतिथ्य में गणेश मंदिर की नींव रखी गई। जिसमें चूरू विधायक हरलाल सहारण, भाजपा नेता राकेश जांगिड़ भी मौजूद रहे। पंडित मोतीलाल व्यास के आचार्यात्व, बालयोगी संत गंगानाथ एवं ओमनाथ के सान्निध्य में भूमि पूजन संपन्न हुआ आधारशिला कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चांद कंवर ने शहरवासियों को शुभकामनाएं देते हुए मंदिर निर्माण को अत्यंत पवित्र कार्य बताया तो वहीं चूरु विधायक हरलाल सहारण ने मंदिर निर्माण समिति का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि श्री गणेश विघ्नहर्ता है सभी का दुख दूर करने वाले हैं मंदिर निर्माण से सभी के जीवन में खुशी आएगी ऐसी मंगलकामनाएं हैं। पूर्व विधानसभा प्रत्याशी भाजपा नेता राकेश जांगिड़ ने कहा कि भगवान गणेश वो देवता हैं जिन्हें हम किसी भी कार्य को शुरू करने से पहले अवश्य स्मरण करते हैं हमारे तारानगर शहर में मंदिर निर्माण से धार्मिक आस्था बढ़ेगी तथा सभी के जीवन में खुशी आएगी ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। जांगिड़ ने कहा कि करणावत चौक में मंदिर निर्माण के लिए निर्माण समिति का जितना आभार व्यक्त किया जाए उतना कम है। इस दौरान मंदिर निर्माण समिति के भगवान सिंह करणावत, कल्याण सिंह करणावत, प्रभुसिंह राठौड़, प्रकाश करणावत, शहर मंडल अध्यक्ष अनूप खंडेलवाल, शुभकरण टाक, पंडित सुखलाल व्यास, सुरेंद्र सिंह, राकेश पुजारी, पुच्ची व्यास, हेमंत व्यास, किशनसिंह राठौड़, राकेश टाक, डॉ. प्रदीप, अमरसिंह चारण, भगवानाराम प्रजापत, राधाकृष्ण सोनी, हनुमान सोनी, पंडित शशिकांत, भगवानदास स्वामी सहित सैकड़ों वार्डवासी मौजूद रहे।

### कंज्यूमर वॉइस न्यायोत्सव

## जागरूकता शपथ का उत्साह चरम पर राजकीय विद्यालयों में हजारों विद्यार्थियों ने ली एक साथ शपथ



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनू(निसं.)।** उपभोक्ता अधिकारों को जिंदगी का हिस्सा बनाने के लिए जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग अध्यक्ष मनोज कुमार मील द्वारा चलाया जा रहा 30 दिवसीय 'कंज्यूमर वॉइस न्यायोत्सव' प्रभावी परिणाम दे रहा है । न्यायोत्सव के तहत ली जा रही उपभोक्ता जागरूकता शपथ के प्रति जिले में उत्साह चरम पर है। आयोग अध्यक्ष मील ने बताया कि शनिवार को जिले के राजकीय विद्यालयों के हजारों विद्यार्थियों ने एक साथ उपभोक्ता जागरूकता शपथ ली। विद्यार्थियों ने हर खरीद पर बिल लेने की आदत विकसित करने, मानक चिन्हित उत्पादों की पहचान और गलत व्यापार, कार्य व्यवहार की स्थिति में आयोग से न्याय पाने की प्रक्रिया के प्रति जागरूकता बढ़ाने की शपथ ली। विद्यार्थियों ने यह जागरूकता अपने अभिभावकों में भी विकसित करने व राष्ट्रीय उपभोक्ता हेल्पलाइन नंबर 1915 के प्रति भी जागरूकता की अलख जगाने का संकल्प लिया।

**गुरु-शिष्यों ने एक साथ ली शपथ :**

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी अशोक शर्मा के निर्देशन में अनूठी पहल यह देखने को मिली कि जागरूकता शपथ शिक्षकों और विद्यार्थियों यानी गुरु-शिष्यों ने एक साथ ली। शपथ की खास बात यह रही कि इसमें संविधान को साक्षी माना गया। गौरतलब है कि कंज्यूमर्स वॉइस न्यायोत्सव के तहत जिले में एक लाख से अधिक लोगों को शपथ दिलवाने का लक्ष्य रखा गया था, जो कि महज 13 दिवस में ही पूर्ण होने के करीब है। आयोग द्वारा जारी किए गए क्यूआर कोड एवं लिंक पर भी जाकर कोई भी व्यक्ति उपभोक्ता जागरूकता की शपथ लेकर ऑनलाइन शपथ प्रमाण पत्र डाउनलोड कर सकता है।

## सीकर में सामाजिक समरसता दिवस पर एबीवीपी द्वारा विभिन्न शिक्षण संस्थानों में संगोष्ठियों का सफल आयोजन

### विभिन्न शिक्षण संस्थानों में दिया सामाजिक समरसता का संदेश

जयपुर टाइम्स




**सीकर(निसं.)** सीकर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सामाजिक समरसता दिवस के उपलक्ष्य में सीकर शहर के विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में विचार संगोष्ठियों, प्रेरक सत्रों एवं जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में सैकड़ों छात्र-छात्राओं, कार्यकर्ताओं एवं शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और सामाजिक समरसता, समानता एवं संवैधानिक मूल्यों पर विचार साझा किए। आदर्श पब्लिक स्कूल में आयोजित संगोष्ठी के मुख्य अतिथि डॉ. धर्मेंद्र चौधरी, प्रांत उपाध्यक्ष, ने अपने संबोधन में कहा कि युवा पीढ़ी समाज में समानता, भाईचारे और सौहार्द की मजबूत कड़ी है। संविधान के समरसता संबंधी मूल्यों को जीवन में उतारना समय की आवश्यकता है।डायरेक्टर मंजु हुड्डा ने अध्यक्षता करते हुए शिक्षा के माध्यम से समरसता विकसित करने पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि रघुवीर सिंह, चेयरमैन एपीएस स्कूल, उपस्थित रहे। अंत में जिला संयोजक दीपिका भारद्वाज ने आभार व्यक्त किया। मंच संचालन सत्येंद्र योगी ने किया। इस दौरान रमेश भीचर, सतवीर मीणा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। विश्वविद्यालय में एबीवीपी इकाई द्वारा संविधान पार्क में अंबेडकर वंदन संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. अशोक महला, अतिरिक्त प्रदेश महामंत्री, ने कहा कि संविधान केवल एक ग्रंथ नहीं, बल्कि राष्ट्र का मार्गदर्शक है। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय खेल निदेशक कन्हैयालाल जांगिड़ ने की। इकाई अध्यक्ष विकास गुर्जर ने सामाजिक परिवर्तन में युवा भूमिका पर विचार रखे। इस अवसर पर सतवीर मीणा, अंकित चाहर, अभिषेक पचार, रितेश चौधरी, राकेश सामोता, नवीन ओला, सलील, सौरभ, देवेंद्र, करीना शर्मा, रंजना जांगिड़, ममता आदि मौजूद रहे।

## सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने सभी संस्थान प्रभारियों को एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन करने के दिए निर्देश

### बैठक बुलाकर सिखाया 'मेडलीपार' पोर्टल पर रिपोर्ट बनाना



**झुंझुनूं(निसं.)।** सीएमएचओ डॉ छोटेलाल गुर्जर ने गुरुवार को सीएमएचओ सभागार में सभी बीसीएमओ सहित संस्थाओं के प्रभारियों की मीटिंग बुलाकर लीगल मेडिकल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन तैयार कर भिजवाने के निर्देश दिए। गुरुवार को सीएमएचओ सभागार में आयोजित मीटिंग में सभी संस्थाओं के प्रभारियों को बुलाकर ऑनलाइन लीगल मेडिकल रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट तैयार करना सिखाया गया। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों की पालना में एमएलसी रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन तैयार कर प्रस्तुत होगी। उन्होंने बताया कि निदेशक जन स्वास्थ्य डॉ रवि प्रकाश शर्मा द्वारा विगत वीसी में दिए निर्देश की पालना में जिलेभर के सभी अधिकृत संस्थानों में एमएलसी रिपोर्ट और पोस्टमार्टम रिपोर्ट ऑनलाइन पोर्टल मेडिलिपार के माध्यम तैयार कर भिजवाई जानी है। उल्लेखनीय हैं कि इस बारे में पुलिस की ओर से भी ऑनलाइन ही रिपोर्ट मंगवाने के लिए उच्चाधिकारियों द्वारा निर्देश दिए गए हैं। बैठक में बीडीके अस्पताल में मेडिकल ज्यूरिस्ट डॉ संजय एचरा, फोरेंसिक साइंस के डॉ कर्मवीर ने सभी प्रभारियों का ओरियंटेशन कर ऑनलाइन रिपोर्ट तैयार करना सिखाया। सीएमएचओ डॉ गुर्जर ने सभी प्रभारियों को चेताया कि लीगल रिपोर्ट के लिए प्रभारी जिम्मेदार होगा इसलिए वो स्वयं इस कार्य को रुचि पूर्वक सीखकर संपादित करें। ताकि न्यायालय में सही रिपोर्ट प्रस्तुत हो सकें। इस अवसर पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ भंवर लाल सर्वा, डीएनओ अजय बलवदा सहित सभी बीसीएमओ एवं सीएचसी प्रभारी मौजूद रहे।

## गोपालपुरा में रात को हुआ ट्रेफिक जाम

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** निकटवर्ती गांव गोपालपुरा में गत रात्रि को ट्रेफिक जाम की समस्या फिर से सामने आई। जानकारी के अनुसार करीब दो घंटे तक लोग भारी वाहनों के जाम में फंसे रहे। बाद में सदर थाना पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। मौके पर पुलिस ने पहुंचकर जाम खुलवाया। ग्रामीणों की मांग है कि गांव में भारी वाहनों का प्रवेश बंद किया जावे, ताकि ग्रामीणों को राहत मिल सके।


## कार्यालय ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी

पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः- ग्रा.पं./खु.नि./2025-26 /120-126 दिनांक : 05-12-2025

**खुली निविदा सूचना संख्या- 05/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी पंचायत समिति बीदासर (चूरू) में स्वीकृत निम्नकार्यों को सम्पादित कराने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एक वर्ष की डिफ़ेक्टिव लाइब्लिटिजके साथ उपर्युक्त श्रेणी राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदकों से खुली निविदा प्रक्रिया द्वारा निर्धारित प्रपत्र / फार्म में दिनांक 06.12.2025 समय दोपहर 12:00 पी. एम. बजे से निविदायें आमन्त्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 01 | पानी निकासी हेतु इन्टरलॉक ब्लॉक सीसी सड़क निर्माण कार्य श्मशान भूमि पालास | 200000 | 4000 |
| 02 | पानी निकासी हेतु इन्टरलॉक ब्लॉक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य आम गुवाड़ से सुमेरसिंह के घर की ओर पालास | 360000 | 7200 |
| 03 | पानी निकासी हेतु इन्टरलॉक ब्लॉक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य मान्दिर से ईश्वरसिह के घर की ओर पालास | 345000 | 6900 |
| 04 | खेल मैदान का विकास एव ओपन जीम | 263671 | 5273 |

उक्त कार्यों के इच्छुक निविदादाताओं द्वारा निर्धारित शुल्क कार्यालय में जमा करवाकर दिनांक 15.12.2025 समय 11:00 ए.एम. बजे तक निविदा फार्म एवं शर्तो की प्रति प्राप्त की जा सकती है। भरी हुई एवं सीलबन्द निविदाऐं दिनांक 15.12.2025 समय 12:00 पी. एम. बजे तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा करवाई जा सकती है। धरोहर राशि निविदा आवेदन पत्र के साथ संलग्न शर्तों अनुसार स्थानीय बीदासर बैंक शाखापर देय बैंक डी0डी0 / बैंकर्स चेक द्वारा जमा कराई जा सकेगी। प्राप्त निविदाओं को दिनांक 15.12.2025 को दोपहर 02:00 बजे से गठित क्रय समिति के द्वारा खोली जायेगी। निविदा शुल्क प्रत्येक कार्य का रूपये 200/- जमा करवाना होगा। उक्त से संबन्धित अन्य विस्तृत शर्तें कार्यालय समय में ग्राम पंचायत कार्यालय में देखी जा सकती है। उक्त से संबन्धित अन्यविस्तृतविवरण http//sppp.rajasthan.gov.in पर NIB NO... UBN No... तक पर से Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)



## कार्यालय ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी

पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घटियाल बड़ी/2025-26/127-131 दिनांकः 05.12.2025

**निविदा सूचना संख्या 06/2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी हेतु इंटरलॉक ब्लॉक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य आम रास्ते से गज्जूसिंह के घर की ओर पालास | 925000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 06.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 15.12.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 15.12.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 15.12.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1066 UBN No. ZCR 2526WSOB 01799 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

## सामाजिक व धार्मिक सरोकार के पर्याय सुभाष पाराशर



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** डूंडलोद राजेन्द्र शर्मा झेरलीवाला कस्बे के निवासी जयपुर प्रवासी सुभाष चन्द्र पाराशर धार्मिक व सामाजिक सरोकार के पर्याय बन चुके हैं । इसको लेकर भाजपा नेता शंकरलाल शर्मा ने बताया कि उनके सामाजिक व धार्मिक सरोकार के कार्यों में हनुमान नगर से होस्टल तक सड़क निर्माण, प्राचीन शिव मंदिर का जिर्णोद्धार करवा कर उसमे एयर कडिशन लगवाना ,डूंडलोद के मुख्य मार्गों से मंदिरो तक स्ट्रीट लाइट लगवाने के साथ ही उनका संचालन, रोजाना शिव मंदिर में फ्री शुगर व बीपी की मुफ्त जांच व दवाईयों का वितरण आदि करवाने के साथ ही हाल ही में मुक्ति धाम पर विहंगम द्वार का निर्माण करवाकर द्वार के दोनों पीलरों पर भगवान शिव व मां काली की मुर्तियां की स्थापना करवाई । इन मूर्तियों का विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा करवाई । इस मुख्य द्वार का विधिवत उद्घाटन विधायक विक्रम सिंह जाखल के हाथो होगा । डूंडलोद के प्रबुद्ध जनों ने पाराशर के इस नेक कार्य के लिए साधुवाद दिया।

## *नवलगढ़ उदयपुरवाटी सड़क मार्ग पर खुला पड़ा नाला दे रही हादसो को नयोता*



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निसं.)** परसरामपुरा नदी मे मुख्य सड़क मार्ग पर खुला पड़ा गंदे पानी का नाला आये दिन हादसो को बुलावा दे रही है। ईशी रोड पर श्री सीमेंट फैक्टरी होने के कारण पूरे दिन वाहनो का जमावड़ा रहता है वह वाहनों को ये गंदा नाला दिखाई नही देने के कारण रोजाना हादसो होते है इस पर ना तो ग्राम पंचायत परसरामपुरा ध्यान दे रही और ना ही पीडब्ल्यूडी विभाग ध्यान दे रहा। ग्रामीणों ने इस नाले को जल्दी से जल्दी ढकने की मांग की है। श्री सीमेंट के ट्रेलर स्पीड में आते है इस वजह से हादसों की आशंका हमेशा बनी रहती हैं।

## मण्डावा में डॉ. अंबेडकर का परिनिर्वाण पर विचार गोष्ठी आयोजित



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** मण्डावा स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर - भवन में शनिवार को बाबा साहेब का परिनिर्वाण दिवस श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों और गणमान्य नागरिकों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और सशक्त भारत राष्ट्र के निर्माण में उनके योगदान को याद किया। इस मौके पर उपस्थितजनों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का जीवन, दर्शन और चरित्र अनुकरणीय है। वे एक अद्वितीय प्रतिभा के धनी महापुरुष थे। भारतीय गणतंत्र के लिए उनके द्वारा लिखा गया संविधान संप्रभुता, न्याय और समानता जैसे सिद्धांतों को पूरी शक्ति के साथ स्थापित करता है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब का महापरिनिर्वाण दिवस बौद्ध धर्म में दीक्षित एक महान व्यक्ति की महामुक्ति का प्रतीक है। यह दिन उनकी अमूल्य राष्ट्र सेवाओं को समर्पित है। उन्होंने जोर दिया कि बाबा साहब के विचार देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। कार्यक्रम में शिक्षाविद्ध सुभाषचन्द्र सेवदा व मौजास सरपंच मुकेश झाझड़िया ने अपने विचार व्यक्त किए । इस अवसर पर पुलिस अधिकारी महेंद्र चावला,नथमल चोपड़ा, पत्रकार सूर्यप्रकाश लाहोरा, पूर्व पार्षद जेपी महरिया, अमित मीणा, हरदयाल काला,अजय वर्मा नूआं,दिनेश काला,पटवारी विजय काला,नवीन किलानिया,परमेश्वर मीठवास , विजेन्द्र वाहिदपुरा, विनोद बागड़ी,अभय काला,राकेश कुमार सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे ।

## आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा की एनुअल स्पोर्ट्स मीट का भव्य समापन

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निसं.)।** आदर्श विद्या मंदिर, मंडावा की तीन दिवसीय एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2025-26 का भव्य समापन शनिवार को अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। प्राचार्य मुकेश कुमार स्वामी ने बताया कि तीन दिनों की प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए गए, जिसमें विजेता – रेड हाउस, उपविजेता – ग्रीन हाउस रहे। दोनों हाउस ने उत्कृष्ट टीम वर्क,



अनुशासन और खेल भावना का अद्वितीय प्रदर्शन किया, जिसने सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का सफल संचालन व्याख्याता गोविन्द सोनी द्वारा किया गया। विजेताओं को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। बच्चों के चेहरों पर उपलब्धि की चमक और अभिभावकों में गर्व का भाव स्पष्ट झलक रहा था। संस्था निदेशक अभिषेक तेतरवाल ने स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और खेल भावना भविष्य के लिए मजबूत नींव तैयार करती है। कार्यक्रम में प्रस्तुत जुम्बा एरोबिक्स, साड़ी ड्रिल, योग प्रस्तुति, तथा विभिन्न हाउसों के डांस प्रदर्शनों ने दर्शकों का मन मोह लिया। इस अवसर पर बलवीर सिंह शेखावत, शारीरिक शिक्षक हरलाल सिंह तेतरवाल, पूनम शर्मा, संजू स्वामी, मनीषा चौधरी, विद्यालय स्टाफ, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। उत्कृष्ट ऊर्जा, अनुशासन और खेल भावना के साथ एनुअल स्पोर्ट्स मीट 2025-26 का सफल समापन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा से विद्यालय को गौरवान्वित किया।

## *अखिल भारतीय किसान सभा का भानीपुरा में पहला तहसील सम्मेलन*

### किसानों की अनेक मांगों पर बनी रणनीति, अध्यक्ष रामकरण भांभू, मंत्री सावरमल मेघवाल को बनाया



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)** अखिल भारतीय किसान सभा भानीपुरा तहसील का प्रथम तहसील सम्मेलन शनिवार को भानीपुरा में कार्यालय में आयोजित हुआ। सम्मेलन का उद्घाटन किसान सभा के प्रदेश महामंत्री छगनलाल चौधरी ने किया। किसान सभा लड़ाई को ओर मजबूत करेगी। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्रीडूंगरगढ़ के पूर्व विधायक कॉमरेड गिरधारीलाल महिया ने कहा कि प्रदेश और देश में भाजपा सरकार राज कर रही है। भाजपा सरकार किसानों को उजाड़ने का काम कर रही है। किसानों की जमीन छीन कर पूंजीपतियों को सौंपना चाहती है। जिसके खिलाफ लड़ाई लड़नी पड़ेगी। राज्य की भाजपा सरकार के मुख्या भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सरकार सभी मोर्चे पर विफल है। आज किसान की फसल मंडी में पड़ी है। सरकारी कांटे पर तुलाई नहीं हो रही है। प्रदेश की सरकार घरों को तोड़ने पर तुली है। किसान सभा मांग करती है कि आवासीय पट्टा जारी किया जाए। भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। वहीं विपक्ष में मुख्य कांग्रेस पार्टी सड़क पर कोई लड़ाई नहीं लड़ती वो सड़क से गायब है। किसान सभा किसानों की एक मात्र लड़ाई लड़ती है। किसान सभा का सम्मेलन डूंगरराम बेनीवाल कि अध्यक्षता मे शुरू हुआ। किसानों सभा कि नई कार्यकारिणी मे 51 सदस्यों का चुनाव किया गया। रामकरण भाम्भू को तहसील अध्यक्ष और सांवरमल मेघवाल को मंत्री चुना गया। कोषाध्यक्ष आसाराम सारण, उपाध्यक्ष हाकम सिंह राठौड़ शिमला, डूंगरराम बेनीवाल, सोहन मेघवाल, फुसाराम हुड्डा भानीपुरा, रामकुमार गर गोस्वामी, गिरधारी माली, सयुंक्त सचिव सुरेश जाखड़ मेहरासर, प्रेमनाथ, कृष्ण पोटलिया, इमिलाल मुंड, जगदीश तेतरवाल, रामकृष्ण छिम्पा और मानाराम पोटलिया को सचिव मंडल का स्थायी सदस्य चुना गया। इस अवसर पर सभा को सम्बोधित करते हुए उमराव सिंह गाजूवास ने बताया कि सरकार और बीमा कंपनी किसानों कि फ़सल का क्लेम खाने का प्रयास कर रही है। जिस किसानों का बड़े स्तर पर आंदोलन जारी है। सरकार और कंपनी को झुकाकर क्लेम लेंगे। पर्यवेक्षक चिमनाराम पांडर ने किसानों कि फ़सल के भाव को लेकर सरकार पर निशाना साधा और कहा कि मंडी मे किसानों पर सरकार मनमर्जी का बोझ डाल रही है और किसानों को फ़सल तुलाई नहीं हो रही है। जिसको लेकर 9 दिसंबर को सभी मंडियो पर किसान सभा प्रदर्शन करेगी। डूंगरगढ़ किसान नेता बीरबल पोटलिया ने संगठन को मजबूत करने को लेकर सम्बोधन किया। रामकृष्ण छिम्पा ने सभी किसानों का आभार व्यक्त किया। मंच संचालन सांवरमल मेघवाल ने किया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रामकरण भाम्भू ने कार्यक्रम का समापन किया।

## डॉ बीआर अंबेडकर की प्रतिमा का हुआ अनावरण, मुख्य वक्ताओं ने बाबा साहब के सिद्धातों के बारे में बताया



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में मजिस्ट्रेट आवास के सामने डॉ भीमराव अंबेडकर की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया गया। पहली बार मुख्य सड़क पर स्थापित की गई इतनी बड़ी प्रतिमा नगर परिषद द्वारा लगाई गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और वातावरण बाबा साहेब के जयघोष से गूंज उठा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री राजेंद्र राठौड़ की धर्मपत्नी चांद कंवर राठौड़, पैरा ओलंपिक देवेंद्रसिंह झाझडिया, चुरु विधायक हरलाल सहारण, जिला प्रमुख वंदना आर्य, केशवदास महाराज, ओमदास महाराज, खाजूवाला विधायक विश्वनाथ मेघवाल, नगर परिषद सभापति राजकरण चौधरी, बीदासर प्रधान संतोष मेघवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित, क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष लालचंद छिरंग, जिला परिषद सदस्य श्योकरण पोटलिया सहित कई जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बाबा साहेब के उच्च आदर्शों, संविधान निर्माण में उनके योगदान और सामाजिक समरसता के संदेश पर प्रकाश डाला। प्रतिमा



स्थापना का सौजन्य अनिल श्रवण कुमार चिरानिया परिवार द्वारा प्रदान किया गया। अतिथियों ने उनके इस योगदान की सराहना करते हुए इसे समाज को प्रेरित करने वाला कदम बताया। मंच पर पूर्व प्रधान सत्यनारायण सारण, श्रवण कुमार चिरानिया, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष मुरलीधर सैनी, एडवोकेट भगवती सांडेला, धर्मपाल चंदेल, सुरेश वर्मा, डॉ बनवारीलाल शर्मा, सतपाल मेघवाल, अनिल चिरानिया, सत्यनारायण मेघवाल, सरपंच कृष्ण मेघवाल, महावीर सांडेला, पार्षद मदन ओझा, मनीराम मेघवाल सहित अनेक गणमान्यजन व नगरवासी कार्यक्रम के साक्षी बने। बाबा साहेब की विचारधारा को समर्पित यह आयोजन सामाजिक सौहार्द और जागरूकता का संदेश देने में महत्वपूर्ण साबित हुआ। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता रेखाराम तालनिया और सुरेश वर्मा ने किया।


# कार्यालय ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घटियाल बड़ी/2025-26/137-141 दिनांकः 05.12.2025

### निविदा सूचना संख्या 08/2025-26

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी हेतु इंटरलॉक ब्लॉक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य आम रास्ते से स्कूल 'की ओर पालास | 800000 | 16000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 06.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 15.12.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 15.12.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 15.12.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1068 UBN No. ZCR 2526WSOB 01801 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**



# कार्यालय ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी
## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं घटियाल बड़ी/2025-26/132-136 दिनांकः 05.12.2025

### निविदा सूचना संख्या 07/2025-26

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी हेतु इंटरलॉक ब्लॉक सीसी सड़क मय नाली निर्माण कार्य आम रास्ते से नागणेची मंदिर की ओर पालास | 925000 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 06.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 15.12.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 15.12.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 15.12.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1067 UBN No. ZCR 2526WSOB 01800 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत घटियाल बड़ी**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**



# कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर
## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं जोगलसर/2025-26/150-155 दिनांकः 05.12.2025

### निविदा सूचना संख्या 04/2025-26

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | पानी निकासी एवं स्वच्छता हे इंटरलॉक सीसी ब्लॉक निर्माण कार्य महात्मा गांधी अग्रेजी माध्यम विद्यायल से चन्द्रसिह राजपूत 'के घर की ओर जोगलसर | 997639 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 06.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 15.12.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 15.12.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 15.12.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1063 UBN No. ZCR 2526WSOB 01793 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत जोगलसर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जोगलसर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**



# कार्यालय ग्राम पंचायत जोगलसर
## पंचायत समिति बीदासर (चूरू)

क्रमांकः ग्रापं जोगलसर/2025-26/156-160 दिनांकः 05.12.2025

### निविदा सूचना संख्या 05/2025-26

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | इंटरलॉक सीसी ब्लॉक निर्माण कार्य कनाराम नायक के घर से मेघवाल मौहल्ला सरकारी जीएलआर की ओर जोगलसर | 997639 | 20000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 06.12.2025 प्रात 10.00 बजे से 15.12.2025दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी.डी./ बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 15.12.2025दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 15.12.2025 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http// sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1064 UBN No. ZCR 2526WSOB 01794 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत जोगलसर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत जोगलसर**
**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

## राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी के आदेश की निर्भय होकर खुलकर की आवेहलना स्थगन आदेश के बावजूद फसल को किया जेसीबी से नष्ट



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी के आदेश की ग्रामीणों ने निर्भय होकर खुलकर की अवहेलना का मामला एक सामने आया है जिन्होंने उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा के यहां से क्रमांक कोर्ट/2025/747 दिनांक 25 11 2025 को ग्राम गढ़ी करीलपुर में खसरा नंबर 6737/63 36 यथा स्थिति को बनाए रखने के आदेश दिए थे जिसमें विपक्षी पार्टी को नोटिस जारी कर 12 फरवरी 2026 को पेश होने के आदेश दिए थे उक्त इं इंस्थगन को मुकेश कुमार पुत्र राम प्रकाश जाती ठाकुर निवासी गड़ी करीलपुर तहसील राजाखेड़ा में उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा उसके यहां से जारी कराया था जिसमें विपक्षी पार्टी मुकेश श्याम संतोषी जीत पाल राजेश जाति कोली निवासी गड़ी करीलपुर एवं दिलीप सिंह बबलू उर्फ रामकुमार होतम सिंह जाति ठाकुर निवासी गड़ी करीलपुर को यथा स्थिति बनाए रखने के आदेश दिए गए थे जिन्होंने मुकेश के उक्त खसरा नंबर पर खड़ी सरसों की फसल को जेसीबी मशीन चलाकर के नष्ट किया गया है यह इस तरह प्रशासन के आदेश दे आसार होते रहे तो आम आदमी का जीना दुश्ववारर हो जाएगा क्या प्रशासन उक्त आदेश की अबहेलना को लेकर ठोस कार्रवाई कर पीड़ित को न्याय दिलाने का कार्य करेगा

## सांवलिया सेठ का मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव संपन्न

### राजस्थान का सांवलिया सेठ का दूसरा मंदिर कुचामन शहर में बना

जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** आसपुरा में सांवलिया सेठ मंदिर का विधि विधान से प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव सम्पन्न हुआ श्रीकृष्णा गौशाला आसपुरा में भामाशाह राजपुरोहित एवं डालुका परिवार द्वारा सांवलिया सेठ का शानदार मन्दिर बनवाया गया है। देवीलाल किरण



कंवर राजपुरोहित एवं पवनकुमार पार्वतीदेवी डालुका द्वारा गौशाला मेंसांवलिया सेठ का मन्दिर बनवाया गया है। इस मन्दिर में दक्षिण भारत के खम्मम पत्थर से मूर्ति बनाई गई है। मंडफिया धाम की तर्ज पर ही मुति पर होरे की जड़ाई करवाई गई है कलश यात्रा मोतीरामजीकोठी से शुरु होकर मुख्य-मुख्य मार्गो से होते हुए श्री कृष्णा गोशाला आसपुरा पहुंचीमार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागतकियापूर्णाहुति एवं प्राण प्रतिष्ठा के बाद मध्याह्न महाप्रसादि का आयोजन हुआ।

## 'लियो क्लब कुचामन सिटी ने बच्चों को शिक्षित किया, समाज को दिया प्लास्टिक मुक्त रहने का संदेश '



जयपुर टाइम्स

**कुचामन सिटी(निसं.)** इंटरनेशनल लियो डे के अवसर पर लियो क्लब कुचामन सिटी ने शिक्षा और पर्यावरण जागरूकता से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए। सरकारी विद्यालय प्रताप नगर में लियो ऋषभ सोनी ने बच्चों को अंग्रेजी में काउंटिंग सिखाते हुए उन्हें शिक्षा के महत्व से अवगत कराया। साथ ही उनकी पढ़ाई को प्रोत्साहित करने के लिए कॉपियाँ और पेंसिल भी वितरित की गईं। क्लब सदस्यों ने कच्ची बस्ती में No Use of Plastic का संदेश दिया और लोगों को जागरूक करते हुए कपड़े के बैग बांटे, ताकि समाज प्लास्टिक के उपयोग को कम कर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दे सके। इस कार्यक्रम में प्रेसिडेंट लियो भारत स्वामी, कोषाध्यक्ष लियो गौरांग सारस्वत, डिस्ट्रिक्ट कोषाध्यक्ष लियो ऋषभ सोनी, लियो लक्ष्य सैनी तथा अन्य लियो सदस्य उपस्थित रहे। लियो क्लब कुचामन सिटी द्वारा किया गया यह प्रयास समाज में शिक्षा और पर्यावरण के प्रति सकारात्मक संदेश देने वाला रहा।

## कास्टेबल अनिता को मिली पदोन्नती बनी हेड कास्टेबल थाना स्टाफ, परिजनो, परिचतो ने दी शुभकामनाएं बांटी मिठाई

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा** राजस्थान पुलिस की कास्टेबल अनिता की पुलिस सेवा में उनकी ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा ओर समर्पित सेवा कार्यो के लिए पहचान बनाने वाली कास्टेबल अनिता को हेड कास्टेबल के पद पर पदोन्नति किया गया है। विभागीय चयन प्रक्रिया में सफलता प्राप्त करने के बाद यह उपलब्धी उनकी मेहनत ओर उत्कृष्ट कार्यो का परिणाम है। अनिता वर्तमान में में मंडावा थाने पर कार्यरत है। अनिता को इस पदोन्नती की सुचना पर थानाधिकारी



रामनारायण चोयल के नेतृत्व में समस्त स्टाफ,परिचितो ने खुशी व्यक्त करते हुए मिठाईया बांटकर उनके उज्जवल भविष्य ओर निरन्तर प्रगति सफलता की शुभकामनाए दी इस अवसर पर सुरेन्द्र नेहरा,पपेन्द्र सिंह,संपत देवी,सरोज,उमेश सहित अनेक स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### उपखंड में विद्युत विभाग की लापरवाही से लगातार बढ़ रहे हादसे

# फाइलों में दफन हो रहे अवैध लाइन उतरवाने के आदेश-छोटे चोरों पर ततैया ओर बड़ों को संरक्षण

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा उपखंड क्षेत्र में आमजन में विद्युत निगम की घोर लापरवाही से लगातार बढ़ रहे हादसों से आतंक का माहौल है। लेकिन निगम के अद्धिकारियो का ध्यान सिर्फ छोटी चोरियो पर कार्यवाही कर सुर्खिया बटोरने तक ही सीमित है। बड़े चोर विभागीय मिलीभगत से बेखोफ निगम को चूना लगा रहे है । वही अद्धिकारियो के चहेते ठेकेदार भी मेंटिनेंस के नाम पर मलाई उतार रहे है और जमीनी हालात बेहद विकट बने हुए हैं । विद्युत निगम के ठेकेदारों की मेहरबानी से बड़ी संख्या में थ्री पीस ट्रांसफॉर्मर खेतो में जमीन पर रखे हुए है जो कभी भी जनहानि को आमंत्रण दे सकते है ।लेकिन दशको स्व हालात में कोई भी सुधार नहीं आ पाया है । आमजन खेतों पर अपनी जिंदगी बचाने के लिए संघर्ष करता कार्य करने के लिए मजबूर है ।कुछ फोटो वीडियो इस बात का सबूत है कि निगम प्रशासन आज भी गहरी नींद में सोया हुआ है । या फिर खुली आँखों से भी हालातो को देखना नही चाहता है ।



शमशाबाद बायपास रोड राजाखेड़ा रोड किनारे जमीन पर रखे ट्रांसफार्मर से अंदाजा लगा सकते हैं। आवारा पशु एवं आमजन कभी भी हादसे का शिकार हो सकते हैं ऐसी ही हालत रही तो आए दिन ऐसे हादसे होते रहेंगे ,अगर ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो काफी समय से जमीन पर रखे थ्री पीस ट्रांसफार्मरो को खम्भो पर नहीं लगाया गया है एक तरफ तो विद्युत विभाग राजाखेड़ा की ततैया तंत्र वसूली पर शिकंजा कसे हुए हैं दूसरी तरफ किसानो की शिकायतों आने पर भी अवैध कनेक्शन, अवैध खींची गई लाइन तथा दो खम्भों के बीच झूलती हुई लाइन इस बात का संकेत है कि कभी भी हादसा हो सकता है । मगर स्थानीय प्रशासन जानबूझकर अनदेखी कर रहा है। अब देखना ही होगा क्या स्थानीय विद्युत विभाग जमीन पर रखे हुए थ्री पीस ट्रांसफार्मरों को खम्भो पर लगवाते हैं या फिर जमीन पर ही रखे रहेंगे, देवखेड़ा फीडर पर आवेदनकर्ता द्वारा गलत जगह बोरिंग बताए जाने पर खींची गई लाइन को उतरवा कर उनके खिलाफ क्या कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

### राजाखेड़ा ग्रामीण क्षेत्र में अवैध खींची गई लाइन को उतारने के आदेश हुए वेअसर

राजाखेड़ा ग्रामीण क्षेत्र देवखेड़ा फीदर पर काफी समय से चल रही शिकायत पर विभाग ने फाइलों में तो लाइन एवं खंभो को उतरवाने की खानापूर्ति कर ली। परंतु लगभग 20-25 दिन होने के बावजूद भी धरातल पर कोई भी कार्रवाई नहीं की गई क्योंकि विद्युत विभाग की ततैया तंत्र केवल वसूली पर ही शिकंजा कसा हुआ है। अब देखना यह होगा क्या 181 पोर्टल एवं लिखित शिकायत शिकायत पर विभाग द्वारा क्या कार्रवाई होती है। करीबन 10 माह से चल रही शिकायत पर अगर विभाग द्वारा करवाई नहीं की जाती है तो शिकायतकर्ता को उच्च न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य होना पड़ेगा । राजाखेड़ा कस्बे में भूतेश्वर सौंदर्यीकरण के नाम से राजाखेड़ा नगर पालिका ने केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार से करीबन5 करोड़ 95 लाख रुपए की राशि सौंदर्यकरण के नाम से राशि स्वीकृत की गई थी जो राजाखेड़ा में एक सौंदर्य करण सुबह शाम घूमने बनवाया गया है हैरानियत की बात यह है राजाखेड़ा विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के चलते बाउंड्रीवाल के ऊपर 11 केवी हाईटेंशन जमीन से 8-10 फुट ऊंची लाइन के तार झूल रहे हैं आए दिन सैकड़ो नागरिक प्रातः भ्रमण पर यहां आते है जिनके हादसे के शिकार होने की संभावना बनी रहती है ।

## आदर्श विद्या मंदिर, नावां में वंदना सभा के दौरान सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ कार्यक्रम सम्पन्न


जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निसं.)।** उपखण्ड मुख्यालय स्थित विद्या भारती संचालित आदर्श विद्या मंदिर में शनिवार को आयोजित वंदना सभा विशेष आध्यात्मिक वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर विद्यालय में सामूहिक हनुमान चालीसा पठन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रेस क्लब, नावां के अध्यक्ष एडवोकेट राधाबल्लभ मिश्र शामिल हुए। अतिथियों–विद्यालय प्रबंध समिति के व्यवस्थापक गोपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष तुलसीराम राजस्थानी, उपाध्यक्ष मदनलाल पीपलोदा, राजकुमार बोहरा, शीशु वाटिका प्रमुख स्वाती बंसल, कुसुम अग्रवाल एवं सीताराम प्रजापत–ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। दैनिक वंदना के पश्चात विद्यार्थियों ने श्रृद्धा भाव से सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। मुख्य अतिथि राधाबल्लभ मिश्र ने संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय संस्कृति और वैदिक मंत्रों का भावार्थ समझना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि 'हनुमान चालीसा अपने आप में एक ग्रंथ है, जिसका पठन मन, बुद्धि और जीवन में स्थिरता लाता है।' कार्यक्रम में उन्होंने विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को हनुमान चालीसा पुस्तिकाएँ भी भेंट कीं। इस दौरान प्रधानाचार्य रामप्रसाद कुमावत, मुख्य अतिथि तुलसीराम राजस्थानी ने भी सम्बोधन दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी उपस्थितजनों को प्रसाद वितरण किया गया।

## फुलेरा में बाबा साहेब की जय-जयकार, परिनिर्माण दिवस पर गूंजा सामाजिक एकजुटता का संदेश

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निसं.)।** भारत रत्न, संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के महान पुरोधा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्माण दिवस शनिवार को अंबेडकर सर्किल फुलेरा पर श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया। प्रातः 11 बजे शुरू हुए कार्यक्रम में बड़ी संख्या में बंधु उपस्थित हुए। सभी ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया और दो मिनट का मौन रखकर उन्हें याद किया। कार्यक्रम में बुद्ध वंदना का आयोजन किया गया। इस दौरान पूर्व सरपंच रोजड़ी शांतिलाल व बी.एल. सांभरिया ने कहा कि 'बाबा साहेब ने अपना संपूर्ण जीवन दलित, वंचित और बहुजन समाज की उन्नति के लिए समर्पित किया। आज आवश्यकता है कि हम उनके बताए मार्ग–समता, न्याय, शिक्षा और जागरूकता–को जीवन में उतारें। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।' महेश कुमार वर्मा और नोनीहाल सिंह ने भी कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं और उनके सिद्धांतों को अपनाकर ही सामाजिक एकजुटता मजबूत हो सकती है। पूरा अंबेडकर सर्किल 'जब तक सूरज चाँद रहेगा, बाबा तेरा नाम रहेगा' और 'बाबा साहेब अमर रहें' के नारों से लगातार गूंजता रहा। कार्यक्रम में शांतिलाल वर्मा, नौनिहाल सिंह, रतन राजोरा, महेश कुमार वर्मा, नाथूलाल नांगलिया, भंवरलाल सांभरिया, गणपत हटवाल, गजेन्द्र वर्मा, आफताब अहमद, रतन लाल कांसोटिया, मनोहर लाल वर्मा, सुरेंद्र देवंदा सहित अनेक बंधु उपस्थित रहे।

## मापदंडों के विरुद्ध 765 केवी ट्रांस मिशन लाइन के विरोध में किसानों ने दिया ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे के किसानों ने गौरीशंकर मालू के नेतृत्व में मुख्यमंत्री,ऊर्जा मंत्री,प्रमुख शासन सचिव, जिला कलक्टर, जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक के नाम का ज्ञापन सांभरलेक उपजिला कलक्टर कार्यालय में उपस्थित होकर उपजिला कलक्टर व तहसीलदार कार्यालय में तहसीलदार को ज्ञापन देकर भारतीय मानक-ब्यूरों के मापदंडों के विरुद्ध प्रस्तावित 765 केवी की ट्रांसमिशन लाइन का पुनः सर्वे करवाकर खाली पड़ी सरकारी भूमि में से डाले जाने की बात कही गई है। ज्ञापन में बताया गया कि संबंधित ठेकेदार द्वारा अंग्रेजीराज की तरह किसानों को फील्ड में जाकर प्रशासन व पुलिस का डर बताकर धमकियां देकर किसानों की जमीनों में से ट्रांसमिशन लाइन व टॉवर लगाने की सहमति जबरदस्ती लेना चाहते हैं। इस संदर्भ में पुनः सर्वे करवाकर खाली पड़ी सरकारी भूमि में से लाइन डाले जाने व नाहक ही किसानों को परेशान नहीं किए जाने की बात कही गई है। कृषक अरूण मंत्री ने बताया कि संवेदक लागत बचाने के चक्कर में खाली पड़ी सरकारी भूमि में से होकर



ट्रांसमिशन लाइन नहीं डालकर किसानों की उपजाऊ भूमि में लाइन डालना चाहता है,जो सही नहीं है। इस दौरान कृषक गौरीशंकर मालू, अरूण मंत्री, नटवर मालू, राजेश शर्मा, रामप्रसाद बागड़ा, अलादीन खान, चांद खान, सुल्तान खां, इस्लामुद्दीन, मामदीन सहित दो दर्जन से अधिक किसान उपस्थित रहे।

## राजाखेड़ा नगर पालिका के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहर सिंह के पदोन्नति पर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा नगर पालिका में कार्यरत चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहर सिंह का पदोन्नत, पर होने पर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन एवं कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी देवेंद्र कुमार तिवारी का नगर पालिका परिषद में साफा एवं माला पहनाकर स्वागत सम्मान किया गया। चतुर्थ श्रेणी मोहर सिंह ने कहा मैंने हमेशा अपने उच्च अधिकारियों के निर्देशों में कार्य किया है यह उसी का फल है नगर पालिका चतुर्थ श्रेणी मोहर सिंह ने बताया की नगरपालिका द्वारा 1991 में चतुर्थ श्रेणी पद चयन हुआ । सन 1991 से 1996 तक नगर पालिका राजाखेड़ा में चतुर्थ श्रेणी पद पर कार्यरत एवं सेवा दी,। 1996 से राजाखेड़ा नगर पालिका द्वारा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी मोहर सिंह को सेवा से बाहर कर दिया। नगर पालिका चतुर्थी श्रेणी कर्मचारी मोहर सिंह ने सन 1996 उच्च न्यायालय की शरण में जाने को बाध्य हुए सन 1996 से 2019 करीबन 24 साल के संघर्ष के बाद उच्च न्यायालय हाई कोर्ट जयपुर एवं लेबर कोर्ट के आदेश पर नगर पालिका राजाखेड़ा ने 19 फरवरी 2019 को पुनः नगर पालिका चतुर्थ श्रेणी के पद पर जॉइनिंग दी। 24 साल की कोर्ट संघर्ष के बाद चतुर्थ श्रेणी मोहर सिंह का पदोन्नत होने के उपलक्ष में नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र



सिंह जादौन एवं कार्यवाहक नगर पालिका अधिशासी अधिकारी देवेंद्र कुमार तिवारी का माला एवं सफा पहनकर स्वागत किया गया । नगर पालिका राजाखेड़ा परिसर में नगर पालिका अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह जादौन के साथ कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी देवेंद्र सिंह तिवारी, नगर पालिका कनिष्ठ अभियंता दयाल सिंह,बैजनाथ सिंह जादौन,संजय कुमार, रवि जैन, नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि नाहर सिंह जाटव, अशोक कारिल, सद्दाम खान, राधा शर्मा,गीतम सिंह जादौन,पार्षद प्रतिनिधि गिरवरसिंह जादौन अशोक पहाड़िया इत्यादि शामिल रहे।

## श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निसं.)** डॉक्टर अंबेडकर अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी एसोसिएशन, (अजाक) जिला शाखा धौलपुर के तत्वाधान में भारतीय संविधान के शिल्पकार,न्याय, स्वतंत्रता और समानता के अमर पुजारी,बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के 69 वें परिनिर्वाण दिवस पर अंबेडकर भवन सागर पाड़ा धौलपुर में बसेड़ी विधायक संजय जाटव की अध्यक्षता में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। अम्बेडकर भवन पर स्थापित बाबा साहेब की आदमकद प्रतिमा पर सर्व प्रथम सभी के द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद आयोजित श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित कुमरसिंह सिरोही,मांगीलाल भूतिया डॉ रतन सिंह ,लोकेंद्र बौद्ध, रोशनलाल बौद्ध,चिरंजीलाल लहरी,भगवान सिंह सागर,जलसिंह अध्यापक,भगवानदास, पप्पू सोनी जिला अध्यक्ष अजाक , मुकेश रजोरा जिला अध्यक्ष बौद्ध महासभा धौलपुर,बृजेश व्यास,अरविंद रजक,बृजमेहन रजक,रामहेत थानेदार, एडवोकेट बृजराज, डाक्टर कन्हैयालाल, कमल सिंह, रघुवीर सिंह पीटीआई,सुभाष सोनी, जीतेन्द्र कुमार कैन,आदि ने बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के आदर्श वाक्य शिक्षित बनो,संगठित रहो,संघर्ष करो,के क्रम में उनके जीवन संघर्ष,व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। विधायक संजय जाटव ने कहा कि बाबा साहेब की देश के प्रति निष्ठा समर्पण भाव,हमें सिखाता है कि जितना हो सके हमें ज्ञान प्राप्ति पर जोर देना चाहिए,उनकी पे बैक टू सोसाइटी के सपने के लिए अपने भाइयों की आर्थिक और मानसिक मदद करनी चाहिए। उनका कहना है कि मनुष्य अपने जन्म से नहीं बल्कि कर्म से महान होता है,बाबा साहेब को दुनिया के अधिकांश देश बहुत ही सम्मान देते हैं, क्योंकि बाबा साहब ज्ञान के प्रतीक हैं। विधायक ने बताया कि परिनिर्वाण का मतलब मोक्ष ही नहीं बल्कि ज्ञान की सर्वोच्च अवस्था है। अंबेडकर जी का सपना तभी पूरा होगा जब देश में ऊंच नीच, छुआछूत भेदभाव समाप्त होगा और हर भारतीय को स्वास्थ्य और शिक्षा के पर्याप्त अवसर प्राप्त होंगे कार्यक्रम का संचालन मुकेश राजोरा द्वारा किया गया। इस अवसर पर.... दिनेश चौरसिया , डॉ उदल सिंह,धर्म सिंह घाटीवाल,प्रताप सिंह,मंगल सिंह सागर, माता प्रसाद नेकपुर,अजमेर सिंह, महेश रजक,माता प्रसाद अध्यापक,रमेश चंद,शिव सिंह, भारत सागर, महावीर सागर,औतार सिंह लेहरी , सुल्तान सिंह दरियापुर,राज कुमार सोनी , गब्बर सिंह सागर ,,सहित बाबा साहेब के सैंकड़ों अनुयायियों ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए ।

## राजाखेड़ा टयूवल खोदने वालों के हौसले बुलंद, बिना स्वीकृति के हो रहे टयूवल की खुदाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)** राजाखेड़ा उपखंड क्षेत्र में महदवार हल्का 2 खसरा नंबर 4902 में कृषि भूमि पर बिना परमिशन के अवैध वोरवल की खुदाई की जा रही है ट्यूबल की खुदाई की शिकायत उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा को की गई जब उपखंड अधिकारी राजाखेड़ा ने हल्का पटवारी से टयूबल खुदाई करने वाले मशीन धड़क एवं कृषि पर खुदाई कराने वाले को पाबंद कराया गया पायबंध के बाद भी टयूबल खुदाई करने वाले के हौसले बुलंद है ना तो मशीन मलिक ने अपनी मशीन को बंद



किया नहीं कृषि भूमि पर बिना परमिशन खुदाई कराने वाले मालिक ने खुदाई बंद कराई। जिसकी शिकायत पर राजाखेड़ा उपखंड अधिकारी मौके पर पहुंची मौके पर मशीन चलते हुए मिली और पुनः खुदाई करने वाले एवं मशीन मलिक को भी पायबंद किया गया। परंतु मशीन धारक और कृषि भूमि मालिक दोनों अपनी मर्जी के सामने अधिकारियों का खौफ नहीं मान रहे हैं इससे सिद्ध होता है राजाखेड़ा में सिर्फ और सिर्फ अधिकारी अपनी ऑफिसों तक ही सीमित है क्योंकि धरातल पर ना तो बिना परमिशन बोर करने वाले के खिलाफ कोई भी कानूनी कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई। ना हीं खुदाई को बंद कराने में प्रशासन सक्षम रहा ।अब देखना यह होगा क्या राजाखेड़ा उपखंड प्रशासन बिना परमिशन बोर करने वाले के खिलाफ क्या-क्या कार्रवाई करते हैं।

## गीता जयंती पर निकाली शोर्य संचलन यात्रा, शोर्य संचलन का जगह-जगह पुष्प वर्षा कर किया स्वागत



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर में विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल प्रखंड सरदारशहर द्वारा शनिवार को गीता जयंती के उपलक्ष में भव्य शोर्य संचलन निकाला गया। विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं द्वारा गीता जयंती के उपलक्ष में आदर्श विद्या मंदिर जीनगर भवन से बस स्टैंड मुक्ति भवन तक शौर्य संचलन निकला गया। यात्रा में सजीव झांकियां की सजाई गई। वहीं कार्यकर्ताओं द्वारा धर्म ध्वजा हाथ में लेकर यात्रा में शामिल होकर जय श्री राम के नारों के साथ शौर्य संचलन यात्रा में शामिल होकर यात्रा को जय श्री राम के नारों से वातावरण को गूंजायमान कर दिया। शौर्य संचलन यात्रा में शहर के विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गीता जयंती पर भव्य शौर्य संचलन का आयोजन कर शहर में मुख्य बाजार से निकली शौर्य संकलन यात्रा का जगह-जगह लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में धर्म ध्वजा हाथ में लेकर कार्यकर्ताओं ने बड़े ही उत्साह के साथ डीजे पर नाचते हुए जय श्री राम के नारों के साथ शौर्य संचलन में शामिल होकर सनातन संस्कृति व धर्म को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अनेक गणमान्यजन उपस्थित थे।

## सूर्यांशी शेखावत ने दूसरी बार जीता टेनिस में राष्ट्रीय गोल्ड मैडल, गणमान्य जनों ने दी बधाईयां

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** मेयो कॉलेज गर्ल्स स्कूल अजमेर मे 69 वें स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एसजीएफआई नेशनल टेनिस गर्ल्स टूर्नामेंट अंडर 17 की एकल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए राजस्थान की जहान्वी काजला को हराकर सरदारशहर की बेटी सूर्यांशी शेखावत ने स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र का नाम रौशन किया। पूरे देश के अलग राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों व बॉईस की टीम एवं कुल 109 खिलाड़ी इस



प्रतियोगिता में भाग लेने अजमेर आये थे। राजस्थान की प्रथम वरीयता प्राप्त खिलाडी सरदारशहर की 15 वर्षीय सूर्यांशी शेखावत ने अपने से वरिष्ठ एवं अनुभवी खिलाडियों के सामने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पुनः यह जीत हासिल कर अपनी योग्यता का लोहा मनवाया। इसके साथ ही टीम प्रतिस्पर्धा में भी सूर्यांशी शेखावत के प्रतिनिधित्व मे राजस्थान टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही सूर्यांशी का चयन खेलों इंडिया मे भी हो गया है। सूर्यांशी शेखावत सरदारशहर के वरिष्ठ अधिवक्ता स्व. बहादुर सिंह शेखावत की पोत्री एवं जितेन्द्र सिंह शेखावत की पुत्री है।

## जोशी के नेत्रदान से दो नेत्रहीनों को मिलेगी रौशनी

### जोशी के निधन पर परिजनों की सहमति से किया नेत्रदान

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के जम्मड़ों के कुएं के पास रहने वाले सत्यनारायण जोशी का निधन शनिवार को होने पर उनके बड़े भाई कमला प्रसाद जोशी एवं डालचन्द जोशी तथा पुत्र राकेश कुमार जोशी, नन्दकिशोर जोशी की सहमति पर आई बैंक सोसायटी ऑफ राजस्थान चूरू चैप्टर नेत्र संग्रह केन्द्र प्राणनाथ होस्पीटल के तकनीशियन भंवरलाल प्रजापत एवं दिनेश शर्मा ने उनके नेत्र का संग्रहण किया। परिजनों ने इस दु:ख की घड़ी में भी किसी के अन्धेरे जीवन में उजाला लाने के लिए यह परोपकार



का कार्य कर समाज के सामने एक उदाहरण प्रस्तुत किया है। जिसकी सर्वत्र प्रशंसा की जा रही है। उनकी आंखों से दो नेत्रहीन दुनिया देख सकेंगे। नेत्र संग्रह केन्द्र के समन्वयक गणेशदास स्वामी ने बताया कि इस केन्द्र का यह 22 वां नेत्रदान है। फुसाराम स्वामी ने परिजनों को इस नेक एवं मानवीय सेवा कार्य के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि लगातार नेत्रदान का होना शुभ संकेत है। गांविमं के अध्यक्ष हिमांशु दूगड़, प्राणनाथ होस्पीटल के चैयरमैन शान्तिलाल चोरड़िया व राजस्थान राज्य प्रभारी थली संभाग के लोकेश सेठिया ने परिजनों का आभार व्यक्त किया है।

## सीएमएचओ ने किया एसडीएच तारानगर व सीएचसी साहवा का निरीक्षण

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज शर्मा ने उप जिला अस्पताल तारानगर व साहवा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, मुख्यमंत्री निशुल्क दवा व जांच योजना व टीकाकरण तथा संस्थागत प्रसव व एएनसी जांच के बारे में जानकारी ली। सीएमएचओ ने सभी चिकित्साकर्मियों को निर्धारित ड्रेस में समय पर उपस्थित होने के निर्देश दिये। सीएमएचओ डॉ. मनोज शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा ने निर्देशानुसार टीकाकरण के विषेष अभियान के दौरान सभी बच्चों



का करने तथा टीकाकरण से वंचित बच्चों की ड्यू लिस्ट तैयार करते हुये बच्चों को समय पर टीके लगवाने के निर्देश दिये। संस्थागत प्रसव बढाने व गर्भवती महिलाओं की 12 सप्ताह मे प्रथम एएनसी जांच तथा गर्भकाल के दौरान चारों एएनसी जांच समय पर करवाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पीएमओ डॉ देवीलाल चिकित्साकर्मी मौजूद रहे।

# सात दिन बाद शुरू हुई पेयजल आपूर्ति, टेलीफोन विभाग की खुदाई से फिर बाधित

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** शहर के चार वार्डों (16, 29, 30 और 31) के सैकड़ों निवासियों को भीषण सर्दी के मौसम में लगातार पेयजल संकट का सामना करना पड़ा था। पार्षद नंदकिशोर भार्गव की लगातार शिकायत और प्रयास के बाद, जलदाय विभाग ने पेयजल आपूर्ति बहाल की पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने बताया कि पिछले छह दिनों से वार्डों में पाइपलाइनों में लीकेज और ट्यूबवेल खराब होने के कारण लोग पेयजल समस्या से जूझ रहे थे। विभाग को लगातार अवगत कराने के बाद लाइनों को दुरुस्त किया गया। जलदाय विभाग की मुख्य पेयजल लाइन फिर से टूट गई, जिससे चारों वार्डों में पानी की आपूर्ति तुरंत ठप हो गई।लीकेज से घरों में आ रहा दूषित पानी पार्षद भार्गव ने यह भी बताया कि शहर के कई अन्य



वार्डों में भी पेयजल आपूर्ति लाइनों में लीकेज की वजह से घरों में आने वाले पानी में मिट्टी का मिश्रण हो रहा है। मोहल्लेवासियों द्वारा लगातार शिकायतें किए जाने के बावजूद, कई स्थानों पर अभी भी लीकेज से पानी का रिसाव हो रहा है, जिससे पेयजल दूषित हो रहा है।पार्षद नंदकिशोर भार्गव के दस दिनों के निरंतर प्रयास के बाद पेयजल लाइन सही करवाईं ईस दोरान सुरेश, अजय कन्हैयालाल शर्मा, हिमांशु, जितेंद्र शामिल थे रतनगढ़ शहर वार्ड पाइप लाइन सही होने के बाद में पार्षद नंदकिशोर भार्गव ने राहत की सांस ली कहा कि जनता के लिए में दिन रात काम करता रहूंगा पब्लिक हमें वार्ड में काम के लिए चुनती है और पब्लिक का काम नहीं करूंगा तो फिर पब्लिक जनप्रतिनिधि को चुनती है ईस में जल दाय विभाग ने मेरे कहने पर सात आठ दिनों तक संयोग किया।

# भागवत कथा जारी

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निसं.)** बाबा विश्वनाथ महाराज की 39वीं पुण्यतिथि पर चल रही सात दिवसीय भागवत कथा के छठें दिन शनिवार कथा वाचक सुखदेव महाराज कोलायत ने कहा कि भगवान की लीलाएं सबको आनंद देने वाली है। भगवान की कृपा होने से ही कथा को सुना जा सकता है, नहीं तो व्यक्ति व्यर्थ ही संसार में भटकता रहता है और भगवान के समीप कभी जा ही नहीं सकता। सरदारशहर बाईपास रोड स्थित विश्वनाथ बगीची में महंत सुखनाथ महाराज के सानिध्य में चल रही कथा में महाराज ने भगवान श्री कृष्ण की बाललीला, पूतना वध, माखन चोरी, आदि प्रसंगों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भगवान की सभी लीलाएं मनमोहक है, लीलाओं में भगवान की अनुभूति को महसूस करें, यह भक्ति मार्ग के लिए प्रेरित करती है। निर्मल प्रेम सात्विक भाव से भगवान बड़े प्रसन्न होते हैं। गायों पर बोलते हुए कहा कि वर्तमान में गोवंश की दुर्दशा हो रही है, जिसका समाधान हम सब मिलकर ही निकाल सकते हैं। इनके प्रति प्रेम व लगाव रखते हुए इन्हें एक रोटी अवश्य खिलाए, ताकि ये भूखी न रहे। कथा के प्रारंभ में मुख्य यजमान नारायण उपाध्याय दंपत्ति ने व्यासपीठ की पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर हरिप्रसाद पारीक, मदनलाल कम्मा, महावीर पारीक, एडवोकेट रामावतार ठठेरा, नंदलाल महर्षि, पूर्णमल कम्मा, किशनलाल जांगिड़, भीष्मदेव महर्षि, सुखाराम भारी, देवीदत्त सींवाल, बुधाराम प्रजापत, पवन महर्षि, ओमप्रकाश स्वामी, भूराराम स्वामी, गोपाल सिहाग सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे। कथा के अंतर्गत शतचंडी यज्ञ का आयोजन भी पंडित गोपाल बोचीवाल के सानिध्य में किया जा रहा है, जिसके मुख्य यजमान विकासचंद्र शास्त्री थे।

## विधायक निवास पर बाबा साहेब का 70 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निसं.)।** शहर के विधायक निवास कांग्रेस कार्यालय में शनिवार को संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के 70 वें महापरिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने विधायक निवास पर देहात कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गाराम पारीक व नगर अध्यक्ष महावीर माली के नेतृत्व में बाबा साहेब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया गया। कांग्रेस नेता सुखाराम कड़ेला व नगर अध्यक्ष महावीर माली ने मौजूद कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी पुण्यतिथि पर 70 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया जा रहा है। डॉ भीमराव अंबेडकर को भारतीय संविधान का निर्माता कहा जाता है। डॉ भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू में एक दलित परिवार में हुआ था। उन्होंने पूरा जीवन दलितों, शोषितों और पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने हमेशा मजदूर वर्ग व महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। दलितों के मसीहा अंबेडकर महान चिंतक, समाज सुधारक, न्यायविद व अर्थशास्त्री भी थे। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद नूर मोहम्मद खोखर, मदन सिंह निर्वाण, लालबहादुर सेवदा, नवाब खां, राकेश पारीक, जगदीश मेघवाल पूर्व सरपंच, रिजवान सैयद, मोहनलाल मेव, आरिफ काजी, ओम प्रकाश मेघवाल, जिला कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष रामलाल सारण, भगवानाराम मेघवाल, विमल जम्मड़, पवन शर्मा, राजू खोखर, फारुक व्यापारी, उमरदीन सैयद, गंगाराम मेघवाल, अशोक मेहरा आदि ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर याद किया।

## एसएमसी एवं एसडीएमसी की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय केआरपी कार्यशाला आयोजित

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निसं.)।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद जयपुर के आदेश की पालना में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी महेश कुमार शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी शिवदत्त शर्मा की अध्यक्षता एवं आरपी एवं प्रधानाचार्य लोकेंद्र सिंह तथा कार्यक्रम अधिकारी समग्र शिक्षा शिवराम सेन की देखरेख में इन्फेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धौलपुर में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती शारदे की पूजा आराधना से हुई। प्रधानाचार्य मदन लाल शर्मा ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की जिसे सभी ने सराहा। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जितेंद्र जादौन ने बताया कि जिले के समस्त राजकीय माध्यमिक, उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 9 से 12 तक के लिए विद्यालय विकास एवं प्रबंधन समिति तथा कक्षा 1 से 8 तक के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया जाता है जिसमें समिति के सदस्यों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धौलपुर महेश कुमार शर्मा ने ब्लॉक रैंकिंग सुधार तथा यू डाइस अपडेशन हेतु कार्यशाला को संबोधित किया और कहा कि विभाग की हर योजना को अमलीजामा पहनाकर उसे पूर्ण करना हम सबका दायित्व है। प्रधानाचार्य एवं केआरपी विष्णु शर्मा ने एसएमसी व एसडीएमसी की भूमिका व गठन के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि हर स्कूल में एक बोर्ड तैयार कर सभी कार्यकारिणी सदस्यों के नाम, पता, दूरभाष अथवा मोबाइल नंबर सर्व साधारण के लिए उपलब्ध कराए जाने चाहिए। उन्होंने एसएमसी एवं एसडीएमसी की भूमिका तथा कार्यप्रणाली के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। मुख्य संदर्भ व्यक्ति भगवान सिंह मीना ने विद्यार्थियों की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार एवं विद्यालय भवन के विकास संबंधी कार्य के साथ ही समग्र शिक्षा अभियान से प्राप्त अनुदान,




विकास शुल्क एवं अन्य प्राप्त होने वाली राशियों का लेनदेन एवं समिति के कर्तव्य एवं भूमिका के बारे में बताया जिसमें निगरानी और पर्यवेक्षण,संसाधन प्रबंधन, शिकायत निवारण, सामुदायिक सहभागिता,स्कूल की कार्यप्रणाली की निगरानी,बालिका शिक्षा,बालिका प्रोत्साहन योजना और विकास, राष्ट्रीय शिक्षा नीति,संसाधन जुटाना, प्रभावी स्कूल प्रशासन सुनिश्चित स्कूल विकास योजना बनाना आदि के बारे में जानकारी दी। पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान शाखा धौलपुर द्वारा 31 जनवरी को सेवानिवृत्त होने वाले प्रधानाचार्य धनेश कुशवाह का माला साफा पहनाकर सम्मान किया गया। उन्होंने मुख्यमंत्री जनसहभागिता योजना,लाडो योजना के बारे में जानकारी साझा की। प्रधानाचार्य नरेश कुमार जैन, राकेश कुमार शर्मा,रनवीर सिंह रावत,वेद प्रकाश कर्दम,मदन लाल शर्मा,मुकेश कुमार शर्मा,अजय सिंह चौधरी ने जनसहभागिता द्वारा विद्यालय विकास के बारे में अपने अनुभव साझा किए। प्रधानाचार्य इन्फेंट राघवेंद्र शर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रशिक्षण कार्यशाला में प्राचार्य मातादीन शर्मा,मनोज कुमार, लक्ष्मीनारायण सिंह,उप प्राचार्य उपमा शर्मा,रघुवर दयाल शर्मा,व्याख्याता राजेश कुमार शर्मा,वरिष्ठ अध्यापक कैलाशी प्रसाद ,मोहर सिंह,शिवराज सिंह परमार,अध्यापक धर्मवीर धौर्य, बृजमोहन शर्मा,मैजिक बस फाउंडेशन के ब्लॉक मैनेजर नर सिंह पांडे सहित अन्य मौजूद रहे।

## अभिभाषक संघ का चुनावी कार्यक्रम घोषित

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय अभिभाषक संघ के चुनावों को लेकर कार्यक्रम घोषित कर दिया गया है। निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट बुद्धिप्रकाश प्रजापत ने बताया कि सदस्यता शुल्क जमा करवाने के लिए 6 दिसम्बर की शाम को पांच बजे तक का समय रखा गया है। दूसरी ओर मतदाता सूची पर आपत्तियां 8 दिसम्बर को प्राप्त की जाकर आपतियों का निस्तारण इसी दिन दोपहर तीन बजे तक कर दिया जायेगा। इसी प्रकार अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन इसी दिन शाम को किया जायेगा। दूसरी ओर चुनाव के लिए फार्म 9 दिसम्बर को 11 बजे से 4 बजे तक प्राप्त किए जा सकेंगे। इसी प्रकार नामांकन का समय 10 दिसम्बर को सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक रहेगा और शाम के चार बजे तक आवेदनों की जांच की जाएगी। वैद्य उम्मीदवारों की सूची इसी दिन शाम को जारी कर दी जाएगी। इसी प्रकार फार्म विड्रा करने के लिए 11 दिसम्बर को दोपहर 2 बजे तक का समय रहेगा। उसके बाद योग्य उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जायेगा और फिर जरूरत पड़ी, तो मतदान 12 दिसम्बर को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक करवाया जायेगा। मतगणना करके परिणाम इसी दिन शाम को घोषित किए जायेंगे। सहायक निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट मधु चोबदार, एडवोकेट दशरथसिंह ने बताया कि कार्यकारिणी के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, संयुक्त सचिव, कोषाध्यक्ष, पुस्तकालय सचिव पद के लिए चुनाव होंगे।

## राजस्थान युवा बोर्ड, राजस्थान सरकार की जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में सीकर के युवा वक्ता सत्येंद्र योगी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया




**सीकर(निसं.)** सीकर राजस्थान युवा बोर्ड, युवा मामले एवं खेल विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता में सीकर के युवा वक्ता सत्येंद्र योगी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता में जिलेभर के प्रतिभावान युवाओं ने हिस्सा लिया, जिनमें योगी के प्रभावशाली वक्तव्य और उत्कृष्ट अभिव्यक्ति को विशेष रूप से सराहना मिली।

## परिनिर्वाण दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** भगवान बुद्ध व डॉ अंबेडकर समारोह समारोह समिति के तत्वावधान में संविधान निर्माता डॉ भीमराव अंबेडकर का 69वां परिनिर्वाण दिवस शनिवार को स्टेशन रोड स्थित अंबेडकर स्टेच्यु पर मनाया गया। श्रवण सोडा की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं पुष्पांजलि से हुआ।



एसडीएम रामकुमार वर्मा ने बाबा साहेब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारत भूमि के लिए उनका योगदान सराहनीय है तथा उनके द्वारा किए गए मानवता के कार्य प्रेरणा स्त्रोत है। हम सबको डॉ अंबेडकर के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। इस अवसर पर पूर्व पार्षद लालचंद पंवार, रिखाराम तालणिया, डॉ सीताराम कांवलिया, जेपी भाटी, डॉ वीरेंद्र वर्मा, मोहनलाल सैनी, शिवाराम मेघवाल, वीरेंद्र बुनकर, शिवकुमार गाडगिल, अनिल भोभरिया, ओमप्रकाश गहलोत, सुरेंद्र इंदलिया, गोविंदप्रसाद बबेरवाल, जगनाराम सोडा, अनिल सियोता, सुभाष मेघवाल, राकेश नायक, दिनेश कुमावत, मंगतुराम मंडीवाल, बृजदीपक स्वामी, हेमंत पंवार, एडवोकेट सुरेश घारू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान दो मिनट का मौन रखकर बाबा साहेब को श्रद्धांजलि भी दी गई। इसीक्रम में शहर के मेघवाल गेस्ट हाउस एवं वाल्मीकि बस्ती में भी पुष्पांजलि सभा का आयोजन किया गया।

## बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाई

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)** शहर के वार्ड संख्या दो में शिव धोरा के पास स्थित सामुदायिक भवन में सरिता पड़िहार के नेतृत्व में बाबा साहेब की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पड़िहार ने बाबा साहेब के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस



मौके पर मदन कंवर, पदमा, बरखा शर्मा, सुमन, पाना, ज्योति प्रजापत, नसीम बानो, सरोज प्रजापत सहित काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

## सीएलजी बैठक सम्पन्न

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निरसं.)** आदर्श पुलिस थाना में शनिवार को सीएलजी सदस्यों की बैठक हुई। बैठक में सर्दी के मौसम में चोरी की वारदात को रोकने के लिए अपने-अपने वार्डों में पहरेदारी व्यवस्था शुरू करने एवं संदिग्ध लोगों को देखने पर तुरंत पुलिस को सूचना देने के लिए लोगों को



जागरूक किया गया। डीवाईएसपी इनसार अली, सीआई गौरव खिड़िया, सब इंसपेक्टर सुभाषचंद्र ने बैठक में उपस्थित सदस्यों को पुलिस प्रशासन को सहयोग करने का आह्वान किया। उपस्थित लोगों ने शहर की बिगड़ती ट्रेफिक व्यवस्था की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि वर्तमान में पूरे शहर की ट्रेफिक व्यवस्था चार ट्रेफिक कर्मियों के ऊपर निर्भर है। इसलिए अविलंब ट्रेफिक कर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए, ताकि ट्रेफिक व्यवस्था सुचारू रह सके। पुलिया संख्या चार के पास गंदा पानी, लिंक रोड पर आने से लोगों को हो रही परेशानी से भी अवगत करवाया गया।

## लिंक रोड पर सांडों की लड़ाई के बीच बाइक सवार गिरा, बच्ची बाल-बाल बचे

जयपुर टाइम्स

**रतनगढ़(निसं.)।** शहर के लिंक रोड पर चौथे पुलिए के पास शनिवार को बड़ा हादसा होते-होते टल गया। सड़क के बीचोबीच दो सांडों की भीषण लड़ाई चल रही थी, इसी दौरान एक बाइक सवार ने लापरवाही बरतते हुए अपनी बाइक को उनके बीच से निकालने की कोशिश की, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर गिर गई। गनीमत रही कि बाइक पर सवार एक छोटी बच्ची को कोई गंभीर चोट नहीं आई और वे बाल-बाल बच गए।लापरवाही बनी हादसे का कारण प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, लिंक रोड के चौथे पुलिए के पास दो सांड आपस में लड़ रहे थे, जिसके कारण सड़क पर यातायात बाधित हो गया था। वाहन चालक सांडों के हटने का इंतजार कर रहे थे। इसी दौरान एक मोटरसाइकिल चालक (जिस पर एक छोटी बच्ची भी सवार थीं) ने अत्यधिक लापरवाही दिखाते हुए लड़ने वाले सांडों के बहुत करीब से निकलने का जोखिम लिया। जैसे ही बाइक सवार ने सांडों के पास से निकलने की कोशिश की, सांडों की टक्कर या उनके अचानक हिलने-डुलने के कारण बाइक नियंत्रण खो बैठी और चालक, मासूम बच्ची समेत सड़क पर गिर गई। बाल-बाल बची मासूम जिंदगियाँ हादसे के तुरंत बाद मौके पर मौजूद अन्य राहगीरों और वाहन चालकों ने दौड़कर गिरे हुए लोगों को उठाया। शुक्र है कि बच्ची को मामूली खरोंच भी नहीं आई, लेकिन यह घटना सड़क पर आवारा पशुओं की समस्या और वाहन चालकों की लापरवाही भरी जल्दबाजी को उजागर करती है। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर प्रशासन से मांग की है कि लिंक रोड जैसे व्यस्त मार्गों पर आवारा पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान किया जाए ताकि भविष्य में कोई बड़ा हादसा न हो।

## बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने दी श्रद्धांजलि

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निसं.)।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय चूरू में जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा के नेतृत्व में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर भाजपा कार्यकर्ताओ ने पुष्पाजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष बसंत शर्मा ने कहा कि संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर का योगदान देश हमेशा याद रखेगा। उनका जीवन पिछड़ो दलितो के उत्थान के लिए समर्पित रहा उनकी शिक्षा आज भी हम सब लोगो को प्रेरणा देती है। उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार बाबा साहब को सम्मान दिया गया है वह हम सब कार्यकर्ताओ के लिए प्रसन्नता देने वाला है। बाबा साहब से जुड़ी पहचान को उन्होने पंच तीर्थ के रूप में विकसित कर देश को समर्पित की। इस अवसर पर राष्ट्रिय परिषद् सदस्य ओम सारस्वत ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर अति विद्वान संविधान के ज्ञाता एवम् एक कुशल प्रशासक थे मां भारती के प्रति उनके मन में



गहरा प्रेम था उनका जीवन देश के लिए समर्पित रहा और आज भी उनके जीवन से हम शिक्षा ग्रहण कर सकते है कि कठिन परिस्थितियों में भी व्यक्ति अपने मेहनत से उच्च पद तक पहुंच सकता है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष नरेन्द्र काछवाल, भास्कर शर्मा, नरेन्द्र सैनी, मण्डल अध्यक्ष धर्मेन्द्र राकसिया, वरिष्ठ नेता दौलत तंवर जिला सहकोषाध्यक्ष रचना कोठारी, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक सुरेश मिश्रा, नोमान खांन, भारत पारीक, जिला मीडिया सहसहयोंजक नीरज जांगिड़ राजीव शर्मा, जिला मीडिया संयोजक रवि दाधीच, कपील चंदेल, मनोज तवंर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।